RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः42 , गुरुवार, 26 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



साइबर ठगी से सावधान! एमजीसीयूबी में जागरूकता कार्यक्रम, डीएसपी ने बताए बचाव... 03



गांधी मैदान में आयोजित 'निपुण बिहार मिशन' में टीएलएम का आकर्षक प्रदर्शन 04

मेरा गाना सुन रोने पर मजबूर हो गए थे लोगः ध्वनि भानुशाली 07

## संक्षिप्त समाचार

### डिलीवरी के 25 दिन बाद ही बुक होगा दूसरा सिलेंडर

● सरकार बोली-35 दिन बाद गैस बुकिंग की बात झूठ है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स को गलत बताया है जिनमें गैस सिलेंडर बुक करने के नियमों में बदलाव की बात कही जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अब पीएम उज्ज्वला योजना वाले उपभोक्ता अब 45 दिन और नॉन-उज्ज्वला उपभोक्ता दूसरा सिलेंडर 35 दिन बाद ही बुक करा सकेंगे।



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है। रिफिल बुकिंग के पुराने नियम ही लागू रहेंगे और उनमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यानी एक सिलेंडर डिलीवर होने के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद कर सकेंगे। कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर ज्यादा दबाव 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर के मुकाबले 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई पर कहीं ज्यादा दबाव है। 22 मार्च को केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कॉमर्शियल एलपीजी के कोटे में 20 फीसदी की अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही अब कुल आवंटन बढ़कर 50फीसदी हो गया है।

### देश के ब्लड बैंकों की अब होगी डिजिटल निगरानी

● ई-रक्तकोष पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, होगी सख्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर के ब्लड बैंकों पर अब सरकार की 'डिजिटल' नजर रहेगी। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने सभी लाइसेंस प्राप्त ब्लड सेंटर्स के लिए 'ई-रक्तकोष' पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। इसका मकसद देशभर में खून की उपलब्धता का एक सेंट्रलाइज्ड सिस्टम तैयार करना और कालाबाजारी रोकना है। इस बार सबसे बड़ा



बदलाव यह है कि 'ई-रक्तकोष' को सीधे निरीक्षण (इंस्पेक्शन) प्रक्रिया का हिस्सा बना दिया गया है। यानी जांच के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर पोर्टल पर दर्ज डेटा और वास्तविक स्टॉक का मिलान करेंगे। डेटा में हेराफेरी मिलने पर पहली बार सख्त कार्रवाई होगी। राज्यों की लाइसेंसिंग अथॉरिटी को 30 दिन में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। डोनर्स का रिकॉर्ड भी अब 'आभा आईडी' या आधार से जोड़ा जा सकेगा, जिससे पूरी सप्लाई चेन पारदर्शी होगी। 2022 में निर्देश 'एडवाइजरी' थे, जिसे मानना जरूरी नहीं था। दंड का प्रावधान न होने से मनमानी बढ़ी। पोर्टल के डेटा को नियमित जांच (इंस्पेक्शन) का हिस्सा नहीं बनाया, जवाबदेही तय नहीं हुई।

### इच्छामृत्यु के बाद हरीश राणा का अंतिम संस्कार

● पिता बोले-कोई रोना मत, अंगदान से 6 को नई जिंदगी मिलेगी

नई दिल्ली/गाजियाबाद (एजेंसी)। इच्छामृत्यु पाने वाले गाजियाबाद के हरीश राणा का अंतिम संस्कार हो गया। दिल्ली के ग्रीन पार्क श्मशान घाट में बुधवार सुबह 9.40 बजे छोटे भाई आशीष ने मुखाग्नि दी। इससे पहले, हरीश का पार्थिव शरीर श्मशान घाट लाया गया। पिता अशोक राणा (62) ने बेटे हरीश को आखिरी बार प्रणाम किया। पिता ने रोते हुए लोगों से हाथ जोड़कर कहा- कोई रोना मत। बेटा शांति से जाए, इसलिए प्रार्थना कर रहा हूं। बेटा



अब जहां जन्म ले, उसे भगवान का आशीर्वाद मिले। 31 साल के हरीश ने कल यानी 24 मार्च को दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली थी। वे 13 साल से कोमा में थे। डॉक्टर्स के मुताबिक परिवार ने हरीश के फेफड़े, दोनों किडनी और कॉर्निया दान किया है। इससे 6 लोगों को नया जीवन मिलने की उम्मीद है। हरीश को एम्स में पैसिव यूथेनेशिया दिया गया। इसका मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने हरीश को 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। यह देश का पहला मामला है, जिसमें किसी को इच्छामृत्यु दी गई थी। हरीश को 14 मार्च को गाजियाबाद वाले घर से दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया गया। 16 मार्च को हरीश की खाने की नली हटा दी थी।

## भारत को मिला बड़े गैस सप्लायर अर्जेंटीना का साथ

● बोला-हमारे पास बहुत बड़ा भंडार,सहयोग का बढ़ाया हाथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में 26 दिनों से जारी युद्ध की वजह से भारत उन देशों में शामिल हो चुका है, जिसे खासकर गैस का बड़ा संकट झेलना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दो दिन संसद में बताया है कि उनकी सरकार अपने ऊर्जा स्रोतों के विस्तार पर लगातार काम कर रही है।

उसी कड़ी में भारत का एक ग्लोबल साउथ का सहयोगी अर्जेंटीना खुलकर सामने आया है। दक्षिणी अमेरिकी देश अर्जेंटीना ने बुधवार को कहा कि भारत को इस समय गैस की दिक्कत है और उसके पास इसका बड़ा भंडार है और ऐसे में दोनों देश आपस में मिलकर सहयोग कर सकते हैं। भारत




में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कौसिनो ने उससे भारत के गैस आयात करने की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कौसिनो ने एएनआई से कहा है, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। यह एनर्जी का एक बड़ा आयातक है, जैसा कि दुनिया की अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं हैं...मुझे लगता है कि भारत सरकार अपने प्राकृतिक संसाधनों में विविधता लाने की रणनीति पर काम कर रही है...जो कि बहुत ही सकारात्मक है।

### अर्जेंटीना के पास प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के अनुसार साल 2024 तक अर्जेंटीना के पास लगभग 458 अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस का भंडार था। हालांकि, इसने यह भी कहा है कि तकनीकी तौर पर इसके पास इस प्राकृतिक संसाधन का भंडार अनुमानित क्षमता से कहीं ज्यादा हो सकता है। अर्जेंटीना के अनुसार दोनों देश कृषि और मिनरल्स पर भी सकारात्मक सहयोग के लिए काम कर रहे हैं। अर्जेंटीना के नेशनल गैस एंड ऑयल कंपनी के प्रेसीडेंट पिछले साल दो बार भारत आए और ऊर्जा क्षेत्र में लगी कई भारतीय कंपनियों के लीडरों और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी से भी मिले। इस समय भारत की एलपीजी सप्लाई विदेशों से आती है।

### आठवीं मां महागौरी



वह रूप जो कि सौन्दर्य से भरपूर है, प्रकाशमान है - पूर्ण रूप से सौंदर्य में डूबा हुआ है। प्रकृति के दो छोर या किनारे हैं - एक मां कालरात्रि जो अति भयावह, प्रलय के समान है, और दूसरा मां महागौरी जो अति सौन्दर्यवान, देदीप्यमान, शांत है-पूर्णतः करुणामयी, सबको आशीर्वाद देती हुई।

## घर के पास पीएनजी पाइपलाइन ...तो कनेक्शन लेना ही होगा

● कंपनी 3 महीने का नोटिस देगी, कनेक्शन नहीं लिया तो एलपीजी सप्लाई बंद होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आपके घर के पास गैस पाइपलाइन आ गई है और आपने पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, तो अगले 3 महीने में आपके घर आने वाला एलपीजी सिलेंडर बंद कर दिया जाएगा। मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026 लागू किया है। इसके तहत अब पाइप वाली गैस का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। हालांकि, इसके लिए पहले नोटिस दिया जाएगा। सूचना मिलने के बाद भी अगर कोई कनेक्शन नहीं लेता, तो 90 दिन बाद उसकी एलपीजी सप्लाई रोक दी जाएगी। साथ ही सोसाइटियों को 3 दिन में पाइपलाइन की मंजूरी भी देनी होगी।





● **पाइपलाइन के लिए जमीन मालिक को दोगुना मुआवजा**- अगर पाइपलाइन किसी की निजी जमीन से गुजर रही है, तो अब मुआवजे को लेकर सालों तक केस नहीं चलेंगे। सरकार ने इसके लिए एक फिक्स फॉर्मूला बना दिया है- जमीन के कमर्शियल सर्किल रेट का 30 फीसदी हिस्सा मालिक को मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा। जमीन मालिक अगर आवेदन मिलने के 24 घंटे में मंजूरी दे देता है, तो उसे दोगुना यानी 60 फीसदी मुआवजा मिलेगा। अगर जमीन मालिक मंजूरी नहीं देता है, तो डेजिग्नेटेड अथॉरिटी (कलेक्टर या अन्य अधिकारी) फैसला लेंगे।

### सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी

कई बार हाउसिंग सोसायटियों या आरवीए (रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) के विरोध की वजह से पाइपलाइन का काम रुक जाता था। अब ऐसा नहीं होगा। अगर कोई कंपनी पाइपलाइन के लिए रास्ता मांगती है, तो सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी। अगर सोसाइटी ने मना किया या देरी की, तो वहां रहने वाले सभी घरों की एलपीजी सप्लाई पर रोक लगाई जाएगी। पाइपलाइन बिछाने के लिए अब सरकारी विभागों को फाइलों को अटकाने की इजाजत नहीं है। छोटे नेटवर्क के लिए 10 दिन और बड़ी लाइनों के लिए 60 दिन में मंजूरी देना अनिवार्य है। अगर विभाग तय समय में जवाब नहीं देता, तो उसे डीम्ड क्लियरेंस यानी ऑटोमैटिक मंजूरी मान लिया जाएगा और काम शुरू कर दिया जाएगा।

## युद्ध के बीच भारत की सैन्य ऑपरेशन की बड़ी तैयारी !

● दो दिन में रक्षामंत्री की ताबड़तोड़ बैठकें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक सीमा सड़क संगठन के मसले पर बुलाई गई थी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों और भारत पर उनके संभावित प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए हालात को चिंताजनक करार दिया था। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अभूतपूर्व आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवीय चुनौतियां पेश करता है। दो दिन में हाई लेवल की दो मीटिंग से पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर की नींद जरूर उड़ी होगी।

### एक दिन पहले भी मीटिंग

इससे एक दिन पहले यानी 24 मार्च को रक्षा मंत्री ने मौजूदा ग्लोबल और रीजनल सिक्योरिटी, सुरक्षा हालातों और भारत की रक्षा तैयारियों पर चर्चा करने के लिए एक रिव्यू मीटिंग बुलाई थी। रक्षा मंत्री की इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## आर्थिक बोझ का हवाला देकर मुआवजा नहीं छीन सकते हैं

● सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया आईना, बोला-यह संवैधानिक अधिकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2019 से पहले हुए भूमि अधिग्रहण मामलों में सोलाटियम और ब्याज देने से जुड़े अपने फैसले पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है।



इससे किसानों और जमीन मालिकों को राहत मिली है। चीफ जस्टिश सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि जमीन अधिग्रहण के मामलों में सही मुआवजा मिलना संवैधानिक अधिकार है। इसे कमजोर नहीं किया जा सकता। इसे सरकार पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ से नहीं जोड़ा जा सकता। पूरा मामला उन भूमि अधिग्रहण मामलों से जुड़ा है जो 2019 से पहले हुए थे, जिसमें प्रभावित लोगों को सोलाटियम और ब्याज देने का सवाल था।

## कांग्रेस को नोटिस, अकबर रोड-रायसीना हिल्स का दफ्तर खाली करें

28 मार्च तक का वक्त,दावा-एस्टेट डिपार्टमेंट के खिलाफ कोर्ट जाएगी पार्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी को 24 अकबर रोड वाला दफ्तर 28 मार्च तक खाली करना होगा। एस्टेट डिपार्टमेंट ने पार्टी को नोटिस दिया है। न्यूज एजेंसी ने कांग्रेस सूत्रों के हवाले से कहा है कि दफ्तर खाली करने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है। हालांकि, कांग्रेस का हेडक्वॉर्टर पहले ही यहां से इंदिरा भवन शिफ्ट हो चुका है। पार्टी इस बंगले को खाली नहीं करना चाहती है। उधर, एस्टेट डिपार्टमेंट ने कांग्रेस के 5 रायसीना हिल्स रोड स्थित इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यालय के लिए भी एक और नोटिस जारी किया है। कुछ रिपोर्ट्स का कहना है कि कांग्रेस, सरकार के इस रवैए के खिलाफ कोर्ट





में अपील करेगी। कांग्रेस का आरोप है कि 1 अशोक रोड या पंत मार्ग वाले बीजेपी के दफ्तर भी खाली नहीं करवाए गए हैं। कांग्रेस ने 14 जनवरी 2025 को ही अकबर रोड वाले ऑफिस से अपना दफ्तर इंदिरा भवन में शिफ्ट किया है। 46 साल बाद पार्टी ने अपना पता बदला था।

### बर्मा हाउस बना कांग्रेस का लकी चार्म

70 के दशक में कांग्रेस का ऑफिस डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड पर था। इसका एड्रेस 3, रायसीना रोड था। इसके ठीक सामने 6, रायसीना रोड पर अटल बिहारी वाजपेयी रहा करते थे। 1978 में कांग्रेस में टूट के बाद ऑफिस पार्टी सांसद जी वेंकटस्वामी को अलॉट बंगले 24, अकबर रोड में शिफ्ट किया गया था। तब से 2025 तक यह कांग्रेस मुख्यालय का पता रहा। एयर विंग का ऑफिस भी रहा। इसे बर्मा हाउस भी कहा जाता था।

## क्वॉड से दूरी बना रहा अमेरिका, भारत को झटका

● शी जिनपिंग को खुश करने में जुटे ट्रंप,दिखाया दोहरा चरित्र

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की दादागिरी से निपटने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का मिलकर बनाया गया संगठन क्वॉड अब वॉशिंगटन की प्राथमिकता में नहीं दिखाई दे रहा है। साल 2024 के बाद से ही क्वॉड की शिखर बैठक नहीं हुई है। चीन की बढ़ती सैन्य तैयारी के बीच यह बैठक भारत में होनी है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप इसको लेकर कोई रुचि ही नहीं ले रहे हैं। इससे क्वॉड के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। इसकी बजाय ट्रंप चीन को ही खुश करने में जुट गए हैं। इस साल वह चीन के दौरे पर जाने वाले हैं लेकिन अभी तक भारत को लेकर उनकी ऐसी कोई योजना नहीं है। यही नहीं भारत के दौरे पर आए



अमेरिका के युद्ध मंत्रालय के सहायक मंत्री एल्ब्रिज कोल्बी ने मंगलवार को क्वॉड को लेकर कोई जिक्र नहीं किया।

### अमेरिकी मंत्री ने भारत संग डैमेज कंट्रोल किया

कोल्बी ने कहा, अमेरिका का लक्ष्य दो महान देशों के बीच भागीदारी को बनाना है जो इस जटिल इलाके में शक्ति का संतुलन बनाए रखने में मजबूत पिलर का निर्माण करेंगे। एक मजबूत, आत्मविश्वास से लबरेज भारत न केवल भारतीय जनता के लिए अच्छा है बल्कि अमेरिकी लोगों के लिए भी अच्छा है। कोल्बी ने जहां भारत के उदय को अमेरिका के हितों के मुताबिक बताया। वहीं इससे पहले पिछले आए अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लंडाउ ने कहा था कि अमेरिका भारत के आर्थिक उदय को उस तरह से सपोर्ट नहीं करेगा जैसे उसने 2000 के दशक में चीन का किया था। माना जा रहा है कि कोल्बी का यह बयान क्रिस्टोफर लंडाउ के विवादित बयान का डैमेज कंट्रोल है। कोल्बी का क्वॉड के बारे में एक शब्द भी नहीं बोलना नई दिल्ली के लिए चिंता का सबब बनेगा।

### डोनाल्ड ट्रंप जा रहे चीन

अब ट्रंप एक बार फिर से शी जिनपिंग से इस महीने के आखिर या अगले महीने में मुलाकात करने वाले हैं। इससे पहले ट्रंप के पहले कार्यकाल में भारत ने क्वॉड को चीन के खिलाफ एक सैन्य गठबंधन बनाने के अमेरिकी प्रयास को खारिज कर दिया था। गलवान हिंसा के बाद भारत और चीन ने अक्टूबर 2024 में करीब साढ़े 4 साल तक चले गतिरोध के बाद आपसी गतिरोध को खत्म कर दिया था। क्वॉड का गठन साल 2007 में हुआ था। जो बाइडन ने इसे बढ़ाया था।

## पश्चिम एशिया के हालात पर सर्वदलीय बैठक खत्म

विपक्ष ने कहा कि वो सरकार के साथ है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान-इजराइल जंग के बीच सरकार ने बुधवार को सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में मिडिल ईस्ट पर के हालातों और देश में गैस-तेल की उपलब्धता सरकार ने विपक्ष के सवालों के जवाब दिए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष ने कहा है कि वो सरकार के साथ है। वहीं बैठक से बाहर निकले कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने सर्वदलीय बैठक को असंतोषजनक बताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की मुख्य मांग है कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर



लोकसभा और राज्यसभा में विस्तृत चर्चा कराई जाए। बैठक से पहले ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने बैठक में शामिल ना होने का फैसला लिया है। वहीं, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर सभी दलों के मिडिल ईस्ट के हालतों पर ब्रीफिंग दी।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास मामले में 2 आरोपी व 1 वारंटी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पिपरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों सहित एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पिपरा थाना कांड संख्या-528/25 में दर्ज मामले के अभियुक्त राम नारायण महतो, पिता हजारी महतो, निवासी कुड़िया को गिरफ्तार किया गया है। वहीं कांड संख्या-69/26 में दर्ज दूसरे मामले में सुरेन्द्र साह, पिता शिव बच्चन साह, निवासी मधुरापुर को भी पुलिस ने दबोच लिया। इसके अलावा टीआर-759 के वारंटी दयानन्द साहनी, पिता राजवंशी सहनी, निवासी टिकुलिया वार्ड संख्या-14, थाना पिपरा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि तीनों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा आगे की प्रक्रिया जारी है।

### रामनवमी से पहले वैशाली पुलिस ने किया दंगा कंट्रोल प्रैक्टिस



**बीएनएम @हाजीपुर।** आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर वैशाली पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संभावित चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से विशेष दंगा नियंत्रण अभ्यास (Riot Drill) का आयोजन किया। यह अभ्यास पुलिस केंद्र, हाजीपुर में किया गया, जिसमें जिले की सभी क्विक रिस्पांस टीम (QRT) के जवानों और अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभ्यास के दौरान, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न चरणों का पालन किया गया। सर्वप्रथम मौखिक चेतावनी दी गई। इसके बाद स्थिति की गंभीरता के अनुसार न्यूनतम बल प्रयोग की नीति अपनाते हुए लाठी बल का प्रयोग किया गया। आगे, स्थिति के अनुरूप वाटर कैनन का उपयोग किया गया। अंततः, टियर गैस के प्रयोग द्वारा भीड़ को नियंत्रित और तितर-बितर करने का अभ्यास कराया गया। यह आयोजन वैशाली पुलिस अधीक्षक के. विक्रम सिहाग के निर्देश पर किया गया था। इसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस बल को तैयार रखना है।

### छठ पूजा के दौरान तीन युवक गंगा में डूबे, पटना सिटी के दमराही घाट पर दो शव मिले, एक लापता




**बीएनएम @ पटना।** पटना सिटी के दमराही घाट पर बुधवार सुबह छठ पूजा के दौरान गंगा नदी में तीन युवक डूब गए। इनमें से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि तीसरे युवक की तलाश जारी है। यह घटना मालसलामी थाना क्षेत्र में हुई। मृतकों की पहचान 18 वर्षीय गणेश कुमार और 19 वर्षीय रोहित कुमार के रूप में हुई है। ये दोनों हनुमान नगर, कंकड़बाग के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, छठ पर्व के अवसर पर दमराही घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसी दौरान तीन युवक गंगा नदी में स्नान करने उतरे। नदी की गहराई और तेज धारा के कारण वे संतुलन खो बैठे और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से दो युवकों को गंगा नदी से बाहर निकाला गया। उन्हें तत्काल नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (NMCH) के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के दौरान डूबने वाला तीसरा युवक लापता है, जिसकी तलाश अभी भी जारी है। मालसलामी थाना प्रभारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) की टीम की मदद से गोताखोरों द्वारा गंगा नदी में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रशासन ने छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं से नदी में उतरते समय सावधानी बरतने और केवल निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर ही स्नान करने की अपील की है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### महावीर मंदिर में अयोध्या से आयेंगे पुजारी



**बीएनएम @ पटना।** हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी मनाई जाती है। इस बार 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी। इसके लिए पटना के मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही है। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में रात 2 बजे ही मंदिर का पट खुल जाएगा। पट खुलते ही 15 मिनट आरती होगी। आरती खत्म होते ही प्रसाद चढ़ाने और दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो 27 मार्च की रात होने वाली आरती तक चलेगा। इस बार पूजा के लिए अयोध्या से पुजारी बुलाए जाएंगे। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए श्रद्धालुओं की भीड़ पर नजर रखी जाएगी। महावीर मंदिर में नैवेद्यम लड्डू के लिए कोई काउंटर नहीं रहेगा। सभी काउंटर बाहर में रहेंगें। विभिन्न जगहों पर करीब 15 नैवेद्यम लड्डू काउंटर की व्यवस्था की जा रही है। मंदिर के समीप से वीर कुंवर सिंह पार्क तक काउंटर रहेगा। इस बार 24 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार किलों नैवेद्यम बनाकर तैयार रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर और 6 हजार किलो और बनाने की तैयारी रखी गई। बीते वर्ष भी 18 हजार किलो नैवेद्यम तैयार करके रखा गया था। उसी के मद्देनजर इस बार 24 हजार किलों नैवेद्यम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। राम नवमी के दिन लोहे और बांस की बैरिकेडिंग की जा रही है। धूप से बचाव के लिए छावनी बनाई जा रही है और पूरे रास्ते में समुचित लाइटिंग की व्यवस्था रहेगी। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार रहेगी। इसके अलावा कई जगहों पर बड़ा एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इन एलईडी पर लाइव पूजा देखने की व्यवस्था होगी। पानी, शर्बत और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था रहेगी। मेडिकल कैंप, एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी। इसके साथ ही सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। सुरक्षा में सरकारी और प्राइवेट सुरक्षाकर्मियों की मदद ली जाएगी। सरकारी के अलावा करीब 100-120 प्राइवेट सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे जिससे कतार में लगे भक्तों की भीड़ को समुचित तरीके से नियंत्रित किया जा सके। रामनवमी के रोज कितने भक्त आए इसकी गिनती के लिए नई तकनीक लगाने की कोशिश हो रही है, जिससे हेड काउंट किया जा सके।

### यूपी मॉडल से सीखेंगे बिहार के मुखिया




**बीएनएम @पटना।** बिहार के पंचायती राज प्रतिनिधियों (मुखिया) का उत्तर प्रदेश के मॉडल ग्राम पंचायतों का चार दिवसीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। पटना से शुरू हुए इस दौरे में 80 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं और नवाचारों को करीब से समझा। यह एक्सपोज़र विजिट राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान 2024-25 के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को बेहतर प्रशासन और विकास मॉडल से अवगत कराना था। इस चार दिवसीय एक्सपोज़र विजिट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पटना से अपनी यात्रा प्रारंभ किया। उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी स्थित रसूलपुर ग्राम पंचायत का भ्रमण किया। यहां जमीनी स्तर पर लागू की गई योजनाओं और विकास कार्यों का अध्ययन किया गया। यात्रा के तीसरे दिन प्रतिनिधिमंडल अयोध्या पहुंचा, जहां पलिया लोहानी ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से संवाद किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत राम मंदिर का भी दौरा किया गया, जिससे , जिससे प्रतिनिधियों को स्थानीय सांस्कृतिक एवं सामाजिक परिवेश की समझने का अवसर मिला।

# पटना में 20 लाख लूट मामले में एसआईटी का गठन

बीएनएम @ पटना

पटना के पाटलिपुत्र इलाके में सोमवार को 20 लाख रुपए की लूटपाट हुई थी। अल्पना मार्केट गली में बाइक सवार बदमाशों ने कैश मैनेजमेंट कंपनी के कर्मी को घेरकर हथियार के बल रुपए लूट लिए और फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने SIT का गठन किया है, फिलहाल SIT ने बेगूसराय से एक संदिग्ध को पकड़ा है। पुलिस की जांच चल रही है, आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित का नाम पंकज कुमार है, जो रेडिएंट कैश मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के कर्मी है। दरअसल, सोमवार शाम पीड़ित कर्मी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। शुरुआती जांच पड़ताल के बाद आज इस मामले की जांच और



अपराधियों को पकड़ने के लिए के लिए SIT गठित की गई है।

**स्कूटी से बैंक जा रहा था कैश एजेंटः** जानकारी के अनुसार, रेडिएंट कैश मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड का कर्मी पंकज स्कूटी से बोरिंग रोड स्थित बैंक में 20 लाख रुपए जमा करने जा रहा था। इसी दौरान अल्पना मार्केट के पास दोपहर के वक्त दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उसे दोनों तरफ से घेर लिया। पंकज ने बताया कि, 'मैं साईं मंदिर से रुपए कलेक्टर कर के बोरिंग रोड स्थित सेंट्रल बैंक में जमा करने जा रहा था। इसी बीच बदमाशों ने मुझे घेर लिया। फिर हथियार के बल रुपए लूट कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मैंने अपने संस्थान के लोगों को दी। इसके बाद पुलिस वगैरह मौके पर पहुंची।' पंकज के मुताबिक, एक बदमाश के हाथ में हथियार था और सभी ने चेहरे ढक रखे थे। उसने बताया कि रुपए जमा करने के बारे में सिर्फ संस्थान के लोगों और कर्मियों को ही जानकारी होती थी।

> ♦ टीम ने बेगूसराय से एक को पकड़ा, अल्पना मार्केट में कट्टा सटाकर लूटा था पैसों से भरा बैग

पटना सेंट्रल SP दीक्षा ने सोमवार को हुए इस वारदात को लेकर बताया कि, 'कट्टा भिड़ाकर लूटने की बात सामने आई थी। आसपास के ठेला वालों से भी घटना के बारे में कंफर्म किया गया है। अपराधी जहां से आए थे और जिस ओर भागे थे, उस रास्ते में लगे CCTV से ट्रैक किया जा रहा है।' पटना से बेगूसराय तक छापेमारी जारी घटना के दो दिन बाद आज पुलिस की SIT टीम ने बेगूसराय से एक सैफ नाम के संदिग्ध को उठाया है, जिसकी निशानदेही पर फिलहाल पटना से लेकर बेगूसराय तक छापेमारी चल रही है।

## पटना में 60 एसिड अटैक पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

बीएनएम @ पटना



बिहार स्टेट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी की ओर से 29 मार्च को पटना में एसिड अटैक पीड़ितों के लिए एक विशेष जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह पहल नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के मिनिमम एक्शन प्लान के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना है।

**मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर आयोजनः** प्राधिकरण के मेंबर सेक्रेटरी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चलेगा।

**60 एसिड अटैक पीड़िताओं की भागीदारीः** कार्यक्रम में राज्यभर से लगभग 60 एसिड अटैक पीड़िताएं हिस्सा लेंगी। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा पीड़ितों का आंकड़ा एकत्र कर उन्हें आमंत्रित किया गया है, ताकि वे इस पहल का लाभ उठा सकें। इस दौरान सभी पीड़िताओं को लगभग 3 लाख रुपये की न्यूनतम मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि मुख्य न्यायाधीश द्वारा वितरित की जाएगी। इसके अलावा, विक्टिम कंपेंसेशन बोर्ड द्वारा निर्धारित अतिरिक्त मुआवजा राशि भी पीड़ितों को दी जाएगी। धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं है, बल्कि पीड़ितों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। कार्यक्रम में कानूनी सहायता, पुनर्वास योजनाओं और सरकारी सहयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने बताया कि नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के तहत सालभर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर इस तरह के जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, ताकि जरूरतमंदों तक न्याय और सहायता की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## रामनवमी को लेकर हरसिद्धि में पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश



बीएनएम @ हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया और लोगों से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस दौरान अपर थानाध्यक्ष राजेश सिंह, एसआई रामबाबू यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। प्रशासन ने साफ तौर पर कहा है कि रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है, ताकि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह से कायम रहे।पुलिस के इस कदम से आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है और त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संदेश दिया गया हैं।

## रामनवमी को लेकर कड़े सुरक्षा इंतजाम, शांति समिति की बैठक में प्रशासन ने जारी किए निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और आम जनता के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए।अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि रामनवमी जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार का नशा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जुलूस में भाला, गड़ासा एवं अन्य धारदार हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जगह-जगह



सादे लिवास में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त, जुलूस की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा। जिला नियंत्रण कक्ष से पूरे जिले की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि मोतिहारी, जो अपनी गंगा-जमुनी तहजीब के लिए प्रसिद्ध है, इस बार भी आपसी भाईचारे और शांति का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। समिति के सदस्य क्षेत्र में सक्रिय रहकर प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे।इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## आईजीआईएमएस पटना में रिसर्च डे, 2 करोड़ फंड घोषित

बीएनएम @ पटना

पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) में मंगलवार को द्वितीय संस्थान अनुसंधान दिवस 2026 का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा देना और युवा डॉक्टरों को शोध के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. बिंदे कुमार ने अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 2 करोड़ रुपये के आंतरिक फंड की घोषणा की। यह राशि नवाचार-आधारित परियोजनाओं पर काम कर रहे डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को प्रदान की जाएगी।

**मरीज की मानसिक स्थिति को समझना, इलाज जितना अहम- डॉ. बी. एन. गंगाधरः** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ओरेशन' रहा,



जिसे डॉ. बी. एन. गंगाधर ने प्रस्तुत किया। उन्होंने जोर दिया कि अब समय आ गया है कि एमबीबीएस पाठ्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। डॉ. गंगाधर के अनुसार, प्रत्येक डॉक्टर के लिए मरीज की मानसिक स्थिति को समझना, शारीरिक बीमारी के इलाज जितना ही महत्वपूर्ण है।

**देश के कई प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ हुए शामिलः** मंगलवार को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के कई प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल हुए। इनमें एम्स कल्याणी, आरएमआरआईएमएस पटना, आईआईटी पटना, एनआईटी पटना और सीडैक मुंबई के विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।

सभी विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुसंधान-आधारित दृष्टिकोण और विभिन्न क्षेत्रों के बीच तालमेल बढ़ाने पर बल दिया। डीन (रिसर्च) डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि, 'पिछले चार वर्षों में संस्थान को आईसीएमआर, डीबीटी, डीएसटी, डीआरडीओ और आयुष से लगभग 10 करोड़ रुपये का अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुआ है, जो संस्थान की बढ़ती शोध क्षमता को दर्शाता है।' इस दौरान 2024-25 सत्र के बेस्ट रिसर्च वर्क और रिसर्च पेपर के लिए डॉक्टरों, रेजिडेंट्स और छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में डॉक्टर, विभागाध्यक्ष और छात्र मौजूद रहे।

## सम्राट अशोक जयंती पर बैरियाडीह में आयोजन, एकता और अहिंसा का संदेश

बीएनएम @ हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** प्रखंड क्षेत्र के बैरियाडीह पंचायत वार्ड संख्या-1 में बुधवार को सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र सिंह के आवास पर किया गया, जिसमें पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों के गणमान्य लोग एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सम्राट अशोक न केवल एक शक्तिशाली शासक थे, बल्कि उन्होंने अहिंसा, शांति और धर्म के मार्ग को अपनाकर विश्व को नई दिशा दी। उनके शासनकाल में न्याय, समानता और जनकल्याण



को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में उनके विचारों और आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। कार्यक्रम में नागार्जुन कुशवाहा, सत्य शरण यादव, भिखारी सिंह, सुबोध कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## निशांत कुमार ने विधायक-कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

बीएनएम @ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार आज जेडीयू के प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उनका पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। निशांत जिला अध्यक्ष और सारण प्रमंडल के अध्यक्षों के साथ बैठक कर रहे हैं। चेतन आनंद, रुहेल रंजन, ऋतुराज कुमार के साथ जेडीयू के कई और भी विधायक, एमएलसी संजय गांधी भी मौजूद हैं। वहीं, बैठक के बाद निशांत ने पिता के फिर से जेडीयू प्रेसिडेंट चुने जाने पर बधाई दी। निशांत ने कहा, हमलोग पिता जी के ही मार्गदर्शन पर चलेंगे। मेरी कोशिश रहेगी कि पार्टी के वरीय नेता-कार्यकर्ता या प्रतिनिधी हों, पार्टी सभी लोगों को साथ लेकर चलेंगे। निशांत कुमार फिलहाल पार्टी कार्यालय के हर रूम में जाकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं।

**11 मार्च को अचानक पहुंचे थे जदयू ऑफिसः** इससे पहले निशांत कुमार बुधवार 11 मार्च को अचानक से JDU ऑफिस पहुंचे थे। जहां JDU के तमाम कार्यकर्ताओं ने



उनका भव्य स्वागत किया था। इस दौरान कार्यकर्ताओं के 'बिहार का CM कैसा हो, निशांत कुमार जैसा हो' के नारे लगाए थे। निशांत के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और उनके समर्थन में नारे लगाने लगे थे। निशांत करीब 30 मिनट तक पार्टी ऑफिस में रुके थे उनके निकलने के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने उनकी आरती उतारी। इस दौरान भी उन्हें CM बनाने की मांग होती रही थी। निशांत ने 8 मार्च को JDU जॉइन की है। पार्टी जॉइन करने के बाद से वे लगातार राजनीति में एक्टिव हैं।

## जदयू बोली- गिरधारी यादव की सदस्यता खत्म हो

### पार्टी ने कहा- बेटे को राजद से चुनाव लड़वाया, उसके लिए प्रचार भी किया, लोकसभा स्पीकर एक्शन लें

बीएनएम @ पटना

बांका से JDU के सांसद गिरधारी यादव के खिलाफ पार्टी एक्शन लेने के मूड में है। उनकी लोकसभा सदस्यता पर खतरा मंडरा रहा है। लोकसभा में जनता दल (यूनाइटेड) के ही नेता दिलेश्वर कामत ने अपनी ही पार्टी के सांसद पर ऐक्शन लेने की गुजारिश लोकसभा स्पीकर से की है। दिलेश्वर कामत ने जदयू सांसद गिरधारी यादव को अयोग्य ठहराए जाने की मांग की है। गिरधारी यादव पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है। दिलेश्वर कामत ने कहा कि विधानसभा में गिरधारी यादव ने अपने बेटे को राजद से चुनाव लड़वाया था।

इस दौरान उन्होंने राजद के लिए प्रचार किया था। उससे पहले भी वो पार्टी के खिलाफ काम करते रहे हैं। इन सब बातों को लेकर लोकसभा स्पीकर को कार्रवाई करने के लिए पार्टी की तरफ से कहा गया है। वहीं जदयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा है कि, गिरधारी यादव ने राजद की टिकट पर अपने बेटे



को मैदान में उतारा था। जदयू सांसद ने खुद बेटे के लिए चुनाव प्रचार किया था। इसके प्रमाण मिले हैं। इसी आधार पर हमारे संसदीय नेता ने उनको अयोग्य करने का आवेदन सौंपा है। अब इस पर स्पीकर विचार करेंगे। गिरधारी यादव को पिछले साल JDU ने गिरधारी यादव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। यह कारण बताओ नोटिस उन्हें SIR यानी विशेष गहन पुनरीक्षण पर दिए गए बयानों के बाद भेजा गया था। नोटिस के मुताबिक SIR पर सांसद गिरधारी यादव के बयान को पार्टी अनुशासन के खिलाफ मानती है। इसको लेकर JDU ने सांसद से जवाब तलब किया था। इसके साथ ही नोटिस में यह बताया गया था कि जवाब नहीं देने पर एक्शन भी लिया जाएगा। 'समृद्धि यात्रा' के दौरान भी बांका में मंच पर तमाम नेता मौजूद थे, लेकिन गिरधारी यादव की गैरमौजूदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए थे।

**गिरीधारी यादव ने क्या बयान दिया थाः** विधानसभा चुनाव के दौरान बिहार में SIR हुई थी। गिरधारी यादव ने अपने बयान में कहा था कि अगर लोकसभा चुनावों के लिए वोटर लिस्ट सही थे तो कुछ ही महीनों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए यह गलत कैसे हो गया? उन्होंने कहा था कि क्या मैं गलत वोटर लिस्ट के आधार पर सांसद बना हूं।

**चुनाव आयोग पर भी साधा था निशानाः** JDU सांसद गिरिधारी यादव ने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग की तरफ से SIR की प्रक्रिया तब शुरू की गई है जब बिहार के लोग बाढ़ परेशान हैं। उन्होंने अपने बयान में यह भी कहा था कि SIR 6 चुनाव से पहले के बजाय 6 महीने पहले हो जाना चाहिए था। इन्हीं बयानों को लेकर पार्टी ने सांसद को जो नोटिस भेजा था, उसमें कहा गया था कि, जदयू ने हमेशा चुनाव आयोग का समर्थन किया है। लेकिन इस संवेदनशील मुद्दे पर उनकी टिप्पणी पार्टी के लिए शर्मिंदगी का कारण बनी है।

**RJD से सांसद के बेटे ने लड़ा था चुनावः** गिरिधारी यादव के बेटे चाणक्या प्रकाश रंजन ने राजद की टिकट पर बांका के बेलहर से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। लेकिन वो चुनाव हार गए थे। गिरिधारी यादव पर पार्टी लाइन से हटकर चुनाव में बेटे को मदद करने का भी आरोप है।

## संक्षिप्त समाचार

### भवानीपुर में गोलीबारी कांड का सफल उद्भेदन, मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण पुलिस ने गोलीबारी की एक घटना का सफल उद्भेदन करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मोतिहारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार घटना 24 मार्च 2026 की रात करीब 12:15 बजे की है। बताया गया है कि चांदमारी निवासी कार्तिक सिंह ने नगर थाना में आवेदन देकर बताया कि वह अपने भाई अभिजीत और अन्य दोस्तों के साथ अपने स्कॉर्पियो वाहन से छतौनी स्थित अपने दोस्त के घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनके रिश्तेदार प्रियंजन शर्मा तथा उनके पुत्रों द्वारा वाहन पर फायरिंग की गई। घटना के बाद वाहन पर गोली के निशान पाए गए, जिसकी एफएसएल से जांच कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-1) दिलीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त प्रियंजन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में यह बात सामने आई कि गोलीबारी की घटना जमीनी विवाद से जुड़ी हुई थी। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रियंजन शर्मा, पिता- धड़कन सिंह, निवासी बड़का गांव, थाना पकड़ीदयाल भवानीपुर जिरात, थाना छतौनी, जिला पूर्वी चंपारण) के रूप में हुई है।

### घोड़ासहन पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हत्या के प्रयास का कुख्यात आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। घोड़ासहन थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी परमेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घोड़ासहन थाना कांड संख्या-175/25 में वांछित परमेंद्र यादव, पिता सोसता राय, निवासी सपहा, थाना घोड़ासहन, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। पुलिस अभिलेख के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, मारपीट, रंगदारी, अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम, हत्या के प्रयास, पुलिस पर हमला एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

### छापेमारी में विभिन्न कांडों के 4 वारंटी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पिपराकोठी थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में फरार चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 25 मार्च 2026 को की गई। पुलिस के अनुसार टीआर संख्या 1159/24 के वारंटी डोड़ा दास, पिता स्वर्गीय जनक दास एवं अनिल दास, पिता अशोक दास, दोनों निवासी मठोपाल, थाना पिपराकोठी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा टीआर संख्या 3300/24 के वारंटी अक्लू महतो, पिता स्वर्गीय पून महतो एवं प्रदीप महतो, पिता अक्लू महतो, दोनों निवासी बघना, थाना पिपराकोठी को भी पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सभी वारंटियों के विरुद्ध आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक चोरों के खिलाफ कार्रवाई, एक गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पिपरा थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार ग्राम महारानी में जांच के क्रम में पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। जांच करने पर पता चला कि उक्त बाइक चोरी की है, जो तुरकौलिया थाना कांड संख्या-447/25 में दर्ज है। इस संबंध में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सहित आरोपी संजय यादव (पिता- हीरा राय), निवासी ग्राम महारानी, थाना पिपरा, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य संलिप्त लोगों की तलाश भी जारी है।

### शैक्षणिक भ्रमण: हरसिद्धि के छात्र पहुंचे केंद्रीय विद्यालय, तकनीक व इतिहास ज्ञान से हुए रूबरू



**बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि**। प्रखंड क्षेत्र के सोनबरसा पंचायत अंतर्गत मचवा चौक स्थित श्री रामेश्वर उत्क्रमित विद्यालय के 24 छात्र-छात्राओं को ट्विनिंग प्रोग्राम के तहत पीयर-टू-पीयर लर्निंग के उद्देश्य से केंद्रीय विद्यालय, मोतिहारी भेजा गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के जरिए छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली, तकनीकी संसाधनों और ऐतिहासिक स्थलों से परिचित कराया गया। बुधवार सुबह करीब 8 बजे विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों का बौद्धिक विकास होता है और उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर मिलता है। केंद्रीय विद्यालय, मोतिहारी पहुंचने के बाद छात्रों ने कंप्यूटर लैब का अवलोकन किया और आधुनिक तकनीक के उपयोग की जानकारी प्राप्त की। साथ ही वहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद कर शिक्षण पद्धति को समझा। इस दौरान छात्रों को चरखा पार्क का भी भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें महात्मा गांधी से जुड़े स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस ऐतिहासिक स्थल पर पहुंचकर छात्रों ने राष्ट्रपिता के विचारों और योगदान को करीब से जाना। इस शैक्षणिक दौरे में प्रधानाध्यापक संतोष कुमार प्रसाद के साथ शिक्षक अमित कुमार (+2), शिक्षिका राज कुमारी एवं रिंकी कुमारी (+2) मौजूद रहीं। कुल 24 छात्रों में 16 छात्राएं एवं 8 छात्र शामिल थे। विद्यालय परिवार ने इस पहल को छात्रों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही।

# साइबर ठगी से सावधान! एमजीसीयूबी में जागरूकता कार्यक्रम, डीएसपी ने बताए बचाव के अहम उपाय

» **तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर एबीवीपी की पहल, विद्यार्थियों को दी गई डिजिटल सुरक्षा की सीख**

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयूबी) इकाई द्वारा बुधवार को बृहस्पति सभागार में साइबर ठगी से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डीएसपी अभिनव पाराशर ने अपने संबोधन में कहा कि आज साइबर अपराधी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर लोगों को आसानी से ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब ठगी केवल पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक के माध्यम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने सोशल इंजीनियरिंग, ओटीपी ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डीपफेक जैसी तकनीकों के बढ़ते खतरे पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज छोटी-सी जानकारी—जैसे मोबाइल नंबर, फोटो या व्यक्तिगत विवरण—भी अपराधियों के लिए बड़ा हथियार बन सकती है। साइबर ठग मुख्य रूप से तीन चीजों का फायदा उठाते हैं—लालच, डर और जल्दबाजी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति फोन कर यह कहे कि "गलती से पैसे आपके खाते में आ गए हैं, कृपया वापस कर दें", तो ऐसी स्थिति में सतर्क रहना आवश्यक है। क्योंकि ठग लिंक भेजकर या ओटीपी मांगकर खाते से पैसा निकाल सकते हैं। कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रसून दत्ता सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में तकनीक का सही उपयोग जितना जरूरी है, उतना ही उसके जोखिमों को समझना भी आवश्यक है। डॉ. अंजिनी ने साइबर सुरक्षा को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए छात्रों को डिजिटल अनुशासन अपनाने की सलाह दी। डॉ. श्याम नंदन ने कहा कि युवा वर्ग सोशल मीडिया का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, इसलिए उन्हें विशेष रूप से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े नुकसान का कारण बन सकती हैं। कार्यक्रम में एबीवीपी की ओर से आशा ने कहा कि संगठन हमेशा छात्र हित और उनकी सुरक्षा के लिए कार्य करता रहा है। वहीं उपाध्यक्ष आयुष किशन ने साइबर ठगी को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने छात्रों से अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गई।

## इंटर साइंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन: अब्दुल खालिक और शाहजहां बेगम ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। जिला के कल्याणपुर प्रखंड के मधुचाई निवासी एवं मधुचाई मस्जिद के इमाम हज़रत मौलाना मुफ्ती सलाहुद्दीन साहब के पुत्र हाफ़िज़ अब्दुल खालिक ने इंटर साइंस परीक्षा में 432 अंक प्राप्त कर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। उनका रोल कोड 34117 एवं रोल नंबर 26010111 है। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षक मेंहदी हसन की भांजी शाहजहां बेगम, जो आमना खातून एवं कलीम अंसारी की पुत्री हैं तथा जिला के चकिया प्रखंड के ग्राम रामकरण पकड़ी की निवासी हैं, ने भी इंटर साइंस परीक्षा में 381 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनका रोल कोड 34179 एवं रोल नंबर 26010001 है। अब्दुल खालिक और शाहजहां बेगम की इस उल्लेखनीय सफलता पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। दोनों विद्यार्थियों को मौलाना अब्दुल सत्तार रहमानी, मौलाना सरफराज आलम, शकील शागिल, प्रधानाध्यापक मुहम्मद फारूक अंसारी, दूरदर्शन पटना से जुड़े जावेद अंसारी, निकहत अंजुम, ख्वाजा बदरूद्दीन अहमद, मौलाना महताब आलम, इंजीनियर दानिश नोमानी तथा हकीम जमील अख्तर सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## टॉपर छात्र-छात्राओं को टास. जय माता दी कृषक क्लब द्वारा किया गया सम्मानित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। पूर्वी चम्पारण जिले के हरसिद्धि प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत हरपुर राय पंचायत के शिव हनुमान मंदिर, पोखरा चौक स्थित टास. जय माता दी कृषक क्लब द्वारा बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक लाकर टॉप करने व पंचायत एवं समाज का नाम रौशन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बता दें कि यह सम्मान समारोह पंचायत के छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाने व उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिए टास. जय माता दी कृषक क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार एवं इनकी पत्नी प्रतिमा देवी द्वारा अच्छे अंक लाकर टॉप करने वाले नौ छात्राओं में अंशु कुमारी, शमशा खातून, अहिया खातून, अंशु कुमारी, रेशमी खातून, ब्यूटी कुमारी, नंदिनी कुमारी, सुमन कुमारी, सबरीन खातून सहित पांच छात्र रविन्द्र कुमार, जिआउल आलम, अभिनव प्रकाश, पुरषोत्तम राज, एवं राहुल कुमार को कॉपी, कलम देते हुए फुल माला पहना एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उपरोक्त समारोह में क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने वाले छात्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए क्लब की ओर से भी सहयोग कि जाएगी। मौके पर टासफार्पा के महामंत्री सुमन तिवारी, टास. जय माता दी कृषक क्लब के सचिव हरेन्द्र प्रसाद, पूर्व शिक्षक रामजी प्रसाद, लियाकत अली, कृष्णा गिरी, रविन्द्र यादव, शिक्षक रामबाबू गिरी सहित पंचायत के गणमान्य लोगों के साथ ही क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहें।

## देवरहा बाबा गुरुकुल आश्रम में 55वें सद्गुरु महायज्ञ एवं श्री राम कथा के सातवें दिन भरत चरित्र सुन भक्त हुए भाव-विभोर

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। नगर के देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में चल रहे 55वें सद्गुरु महायज्ञ एवं श्री राम कथा के सातवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास संत देवव्रत जी महाराज ने सीता माता की विदाई, वन गमन, केवट प्रसंग एवं भरत चरित्र का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव- विभोर हो उठे और कई भक्तों की आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी। अपने प्रवचन में उन्होंने बताया कि महाराज दशरथ के मन में श्रीराम को राजा बनाने का भाव जागृत हुआ और उन्होंने घोषणा भी कर दी, किंतु कुसंगति के प्रभाव में आकर कैकई ने दो वरदान मांग लिए—श्रीराम का वनवास और भरत के लिए राज्य सिंहासन। किंतु भरत जी ने अयोध्या के सिंहासन का त्याग ऐसे किया जैसे महापुरुष सामान्य वस्तु का त्याग करते हैं। वे नंदीग्राम में रहकर तपस्वी जीवन व्यतीत करते हुए भगवान श्रीराम की प्रतीक्षा में लीन रहे।महाराज ने कहा कि अयोध्या कांड से हमें माता-पिता की सेवा, भाई-भाई का प्रेम, समाज के प्रति कर्तव्य और धर्म पालन की प्रेरणा मिलती है। श्रीराम का जीवन यह सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनों का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। भरत के चरित्र से हमें भाईचारा, त्याग, संयम, धैर्य और ईश्वर-प्रेम की सीख मिलती है, जो उन्हें आस्था और भक्ति की मिसाल बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में हानि-लाभ, जन्म-मरण, यश-अपयश जैसी बातें मनुष्य के बस में नहीं होतीं, इसलिए जो हमारे नियंत्रण में नहीं है उसकी चिंता छोड़कर धर्म के मार्ग पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री राम कथा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें आश्रम अध्यक्ष विनय शर्मा, सतीश टंडन, विक्की कुमार, सचिव जय गोविंद प्रसाद एवं डॉ. मीनू मिश्रा ने संयुक्त रूप से भाग लिया। वहीं, कथा व्यास पूजन श्रीमद् भागवत कथा के संयोजक अमित कुमार ने अपनी धर्मपत्नी के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर श्रीराम और माता शबरी की दिव्य झांकी ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। यज्ञ संयोजक राम भजन ने जानकारी दी कि 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर श्री राम कथा प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ होगी, दोपहर 12:00 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा तथा 1:00 बजे महाभंडारा एवं यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। साथ ही, श्री राम नाम संकीर्तन 29 मार्च तक जारी रहेगा।

## डूभा में आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 315 मरीजों का हुआ उपचार, औषधीय पौधों का वितरण



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत राज्य आयुष समिति, बिहार के दिशा-निर्देश एवं जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी के मार्गदर्शन में दिनांक 25 मार्च 2026 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर डूभा क्षेत्र अंतर्गत आयुष ग्राम डूभा के कटगेनवा ब्रह्मस्थान प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता, योग प्रशिक्षण एवं औषधीय पौधों के वितरण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 315 मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त औषधि प्रदान की गई। साथ ही 122 लोगों के बीच औषधीय पौधों का वितरण किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा ग्रामीण जनता को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर में आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, छौड़ादानों के सौजन्य से एक चिकित्सा दल भी शिविर में कार्यरत रहा, जिसके द्वारा लगभग 100 मरीजों की जांच एवं दवा वितरण किया गया।इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने के साथ-साथ लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सफल प्रयास किया गया।

## "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत बड़ी कार्रवाई, 118 मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। मोतिहारी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत चोरी एवं खोए हुए मोबाइल की बरामदगी में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात एवं साइबर डीएसपी अविनाश पाराशर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर 118 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई जा रही है। बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। इनमें विद्यार्थी, गृहिणी, किसान, सरकारी कर्मी, व्यवसायी समेत विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हैं। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताई और पुलिस की सराहना की। पुलिस के अनुसार "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत अब तक 19 चरणों में कुल 1857 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 3 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक है। सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। इस अभियान में जिला आसूचना इकाई एवं विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। छापेमारी टीम में प्रभारी धर्म प्रकाश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक निक्कु कुमार सिंह, सिपाही संख्या 754 ललन कुमार, महिला सिपाही संख्या 2469 निर्मला कुमारी सहित जिले के सभी थानाध्यक्ष शामिल रहे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9470248818 पर सूचना दें या CEIR Portal के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। मोतिहारी पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## बिहार शिक्षा परियोजना की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। बिहार शिक्षा परियोजना, पूर्वी चंपारण के तहत जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों व कर्मियों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने शिक्षा के क्षेत्र में विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि अप्रैल 2026 के पहले दो सप्ताह में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में जिला परिषद द्वारा पुस्तकालय की स्थापना की गई है। साथ ही सभी प्रखंडों के चयनित मॉडल स्कूलों में भी पुस्तकालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि ने कहा कि बिहार शिक्षा परियोजना के तहत विद्यालयों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, कंप्यूटर लैब, खेल सामग्री, माध्यमिक विद्यालयों में इंटीग्रेटेड साइंस लैब एवं पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा इको क्लब, विज्ञान एवं गणित क्लब का गठन, बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण (कराटे) तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आवासीय सुविधा के साथ तकनीकी शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। कार्यशाला में बताया गया कि कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, पोशाक एवं छात्रवृत्ति दी जाती है। समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। विद्यालयों के संचालन को सुदृढ़ करने के लिए विद्यालय शिक्षा समिति एवं विद्यालय प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी को लेकर तुरकौलिया थाना में शांति समिति की बैठक, प्रशासन ने दिए अहम निर्देश



**बीएनएम @ तुरकौलिया।** रामनवमी पर्व के मद्देनज़र थाना परिसर में थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंस्पेक्टर डीके भारती एवं अपर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में नवयुवक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि जुलूस संयमित और अनुशासित ढंग से निकाला जाए, ताकि किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार का हंगामा या उग्र नारेबाजी न हो। साथ ही छोटे-बड़े किसी भी तरह के धारदार हथियार लेकर जुलूस में शामिल होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। डीजे बजाने पर भी रोक लगाई गई है। प्रशासन ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की अपील की। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष सुनील कुमार, मुखिया विनोद सिंह, पूर्व मुखिया गोपाल महतो, सरपंच संघ अध्यक्ष विजय सिंह, सरपंच मनोज कुमार, अनील गुप्ता, संजीव पांडेय, रवि गुप्ता, आत्मप्रकाश गुप्ता, विक्की कुमार, रवि शर्मा, सौरभ प्रजापति, चंदन कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला आयोजित



**बीएनएम @ मुजफ्फरपुर/गायघाट।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी, गायघाट दक्षिणी मंडल द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला एवं मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यकर्ताओं को दिया गया जीत का मंत्र इस अवसर पर पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण महाभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और कार्यकर्ताओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक ले जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिणी मंडल अध्यक्ष संजागर सहनी ने की। इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर, जिला मंत्री बिकाऊ यादव एवं लालबाबू साहनी, विधानसभा प्रभारी सतीश कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह, शिशिर झा, हरिओम कुमार एवं बिमल बाबु, सांसद प्रतिनिधि शशांक शेखर चौहान, अशोक सिंह, मंडल महामंत्री अर्जुन सिंह व राजू सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रसनजीत कुमार उर्फ भोला, और किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू सिंह आदि मौजूद थे।

### आपसी रंजिश में युवक की बेरहमी से पिटाई, कार में बैठाकर ले जाकर किया हमला

**बीएनएम @ सुगौली।** थाना क्षेत्र के पंजीअरवा पंचायत स्थित पंजीअरवा चौक के समीप आपसी रंजिश में एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पंचभिड़वा निवासी भोला बैठा के पुत्र रवि बैठा को गांव के ही राजेंद्र राय के पुत्र विजय यादव ने पंजीअरवा चौक चलने के लिए कहा। इस पर रवि अपनी अपाची बाइक से तथा विजय यादव अपनी ब्रेजा कार से चौक की ओर रवाना हुए। रास्ते में सुरेश यादव के पुत्र अमित यादव एवं फड़क साह के पुत्र सुल्टू साह ने रवि की बाइक रुकवाकर चाबी छीन ली। इसी दौरान विजय यादव भी कार से वहां पहुंच गया और तीनों ने मिलकर रवि को जबरन कार में बैठा लिया। इसके बाद उसे पंजीअरवा चौक के समीप ले जाया गया, जहां पहले से घात लगाए बैठे कई लोग मौजूद थे। आरोप है कि झूलन यादव के पुत्र अनिल यादव, राजेंद्र राय के पुत्र अभय यादव, संत राय के पुत्र अवध यादव, रामलाल यादव के पुत्र संजय यादव, यदु राय के पुत्र सुरेश यादव तथा संजय यादव के पुत्र लालू यादव सहित अन्य ने मिलकर रवि को कार से उतारकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा तथा उसकी बाइक भी छीन ली। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद सभी आरोपी फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल रवि को स्थानीय सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मोतिहारी सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को है और पीड़ित द्वारा आवेदन मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। समाचार प्रेषण तक थाने में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। वहीं, सूत्रों के अनुसार मामले को आपसी सहमति से सुलझाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### हत्या कांड के आरोपियों ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**बीएनएम @ मोतिहारी।** लखौरा थाना क्षेत्र के हत्या कांड में नामजद अभियुक्तों ने पुलिस की लगातार दबिश के कारण न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखौरा थाना कांड संख्या-71/26 के तहत दर्ज मामले में नामजद अभियुक्त शिव सहनी, पिता स्वर्गीय विर्धा सहनी, मिलन सहनी, पिता स्वर्गीय सोनालाल सहनी तथा कौशल कुमार, पिता विनय सहनी, सभी निवासी अजगरवा, थाना लखौरा, जिला पूर्वी चंपारण ने 25 मार्च 2026 को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। बताया जा रहा है कि पुलिस की लगातार छापेमारी और दबिश के चलते तीनों अभियुक्तों ने यह कदम उठाया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### रामनवमी को लेकर नगर पंचायत में फ्लैग मार्च, शांति-सौहार्द बनाए रखने की अपील



**बीएनएम @ सुगौली।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर पंचायत क्षेत्र में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरण ने किया। इस दौरान आरक्षी निरीक्षक एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल के साथ नगर पंचायत के मुख्य बाजार, देवान चौक, बस स्टैंड चौक, सुगौली गांव चौक, सब्जी मंडी, ताजबाबू चौक होते हुए थाना चौक तक मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन ने आमजनों से अपील की कि वे पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है और शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 50 हजार रुपये घूस लेते खनन कार्यालय के दो कर्मी गिरफ्तार

बीएनएम @ पटना/हाजीपुर @ राकेश कुमार



**पटना/हाजीपुर।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो बिहार की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हाजीपुर स्थित जिला खनन कार्यालय के दो कर्मियों को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में जिला खनन कार्यालय, हाजीपुर (जिला वैशाली) में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर राहुल कुमार रोशन तथा परिवारी प्रमोद कुमार शामिल हैं। दोनों को 50 हजार रुपये घूस लेते हुए पकड़ा गया। बताया जाता है कि वैशाली जिले के एक परिवादी ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि खनन कार्यालय में गिट्टी भंडारण दुकान के लिए लघु-के लाइसेंस जारी करने के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के सत्यापन के बाद मामला सही पाए जाने पर निगरानी थाना कांड संख्या 033/26 दिनांक 17.03.2026 दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक सदानंद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। योजना के तहत 25 मार्च 2026 को टीम ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को हाजीपुर स्थित जिला खनन कार्यालय से हिरासत में लिया गया। निगरानी टीम के अनुसार, पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को मुजफ्फरपुर स्थित निगरानी के विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है।

### दुबेटोला की काजल बनी इंटर आर्ट्स की विद्यालय टॉपर, 371 अंक लाकर बढ़ाया मान

बीएनएम @ संग्रामपुर, पूर्वी चंपारण



**संग्रामपुर, पूर्वी चंपारण।** संग्रामपुर प्रखंड के दुबेटोला गांव निवासी पत्रकार प्रभात कुमार द्विवेदी एवं माता रेणु देवी की पुत्री काजल कुमारी ने इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय में टॉपर बनकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार उत्तर मधुबनी पंचायत स्थित दुबेटोला उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय (10+2) की कला संकाय की छात्रा काजल कुमारी ने 371 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। गांव में रहकर पढ़ाई करते हुए यह सफलता हासिल करना उसकी मेहनत और लगन को दर्शाता है। वहीं विद्यालय की ही विज्ञान संकाय की छात्रा उषा कुमारी ने 347 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। काजल कुमारी के टॉपर बनने की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। संग्रामपुर के बीडीओ अनुराग आदित्य, बीईओ इंदू कुमारी, विधायक शालिनी मिश्रा सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा विभिन्न समाचार पत्रों के संपादक संजय कुमार सिंह, सागर सूरज, अमानुल हक, राकेश कुमार, अधिवक्ता अवनीश कुमार सिंह, अधिवक्ता एस.के. पंकज समेत कई लोगों ने भी काजल कुमारी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## तेजस्वी यादव ने मुजफ्फरपुर पुलिस गोलीकांड पर सरकार को घेरा, दी आंदोलन की चेतावनी

बीएनएम @ मुजफ्फरपुर



**मुजफ्फरपुर।** गायघाट थाना क्षेत्र के चोरनियां गांव में हुए चर्चित पुलिस गोलीकांड के मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बुधवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने मृतक जगतवीर राय के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मीडिया से बातचीत में तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एनडीए शासन में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। पहले अपराधियों का आतंक था और अब पुलिस पर भी मनमानी के आरोप लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटना को आठ दिन बीत जाने के बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होना बेहद गंभीर मामला है। तेजस्वी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो पूरे मुजफ्फरपुर जिले में आंदोलन किया जाएगा और जिला बंद कराया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट किया कि इस मामले में किसी भी तरह की लीपापोती स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन आरोपित को बचाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन ऐसा संभव नहीं होगा। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि छापेमारी के दौरान कथित तौर पर नशे की हालत में एक दरोगा द्वारा गोली चलाई गई, जिसमें जगतवीर राय की मौत हुई। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मानवाधिकार आयोग में भी शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि भले ही उनकी पार्टी के पास सीटें कम हों, लेकिन जनता का समर्थन उनके साथ है। सरकार को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष को कमजोर समझने की भूल नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जनता की ताकत उनके साथ खड़ी है। तेजस्वी यादव ने मृतक को समाजसेवी बताते हुए कहा कि वह अपने परिवार के एकमात्र सहारा थे। उन्होंने सरकार से जल्द न्याय सुनिश्चित करने की मांग की।

## रामनवमी से पहले अरेराज में प्रशासन सख्त, फ्लैग मार्च के जरिए दिया सुरक्षा और शांति का संदेश

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज।** रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए अरेराज अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च में प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित, अरेराज थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी सहित गोविंदगंज थाना की पुलिस टीम भी शामिल रही। सभी अधिकारियों और जवानों ने मिलकर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च की शुरुआत ऐतिहासिक बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर से हुई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए बहादुरपुर, योगियार जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरकर बलहा चौक तक पहुँचा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करते हुए आम लोगों से संवाद भी किया। अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति भंग करने वाले या सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है। वहीं, एसडीपीओ रवि कुमार ने पुलिस बल को पूरी तरह अलर्ट रहने का निर्देश देते हुए संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आम लोगों से भी सहयोग की अपील की। प्रशासन की इस सक्रियता से जहां असामाजिक तत्वों में डर का माहौल बना है, वहीं आम लोगों के बीच सुरक्षा और भरोसा बढ़ा है।

# गांधी मैदान में आयोजित 'निपुण बिहार मिशन' में टीएलएम का आकर्षक प्रदर्शन

» घोड़ासहन के प्रधान शिक्षक रामनिवास कुमार बने बिहार के चर्चित शिक्षक

बीएनएम @ घोड़ासहन/मोतिहारी



**घोड़ासहन/मोतिहारी।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर गांधी मैदान पटना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'निपुण बिहार मिशन' में शैक्षिक नवाचारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्वी चंपारण का प्रतिनिधित्व करते हुए एनपीएस जोड़ापाकड़ बगही भेलवा (घोड़ासहन) के प्रधान शिक्षक रामनिवास कुमार का चयन किया गया। 'अप्पन बिहार, निपुण बिहार' थीम के तहत आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में टीएलएम मेला 3.0 के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षण-अधिगम सामग्री (TLM) को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी के लिए बिहार के विभिन्न जिलों से कुल 15 शिक्षकों का चयन टीएलएम प्रदर्शन हेतु तथा 9 शिक्षकों का चयन एक्टिविटी वर्क के लिए किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान शिक्षक रामनिवास कुमार ने अपने स्वनिर्मित टीएलएम एवं पपेट के माध्यम से बच्चों को रोचक और प्रभावी ढंग से पढ़ाने की विधि प्रस्तुत की। 'खेल गतिविधि आधारित शिक्षा' के तहत उनके 'डमरू' और 'जमूरे' आधारित प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके अनोखे शिक्षण अंदाज ने उन्हें बिहार के चर्चित शिक्षकों की श्रेणी में ला खड़ा किया। घोड़ासहन सहित पूरे पूर्वी चंपारण जिले का नाम रोशन करने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी, डीपीओ नित्यम कुमार गौरव, अखिल वैभव, प्रह्लाद गुप्ता, डायट मोतिहारी के प्रधानाचार्य, बीईओ आदित्य कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस प्रतिष्ठित मंच पर मृदुला मैम के नेतृत्व में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका कुमारी निधि, नवाचारी शिक्षक दिलीप कुमार, सोमनाथ सर, अजहर सर, इम्तियाज आलम, रवि रौशन, आशीष कुमार सहित राज्य के कई अग्रणी शिक्षकों के साथ सहभागिता करते हुए अपने टीएलएम का प्रदर्शन करना न केवल एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि शैक्षिक नवाचारों के आदान-प्रदान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सामूहिक चिंतन का सशक्त माध्यम भी बना।

### बिहार दिवस 2026: दो शिक्षकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान




बीएनएम @ पताही

**पताही।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में पताही प्रखंड क्षेत्र के दो शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राजधानी गांधी मैदान, पटना में 22 से 24 मार्च 2026 तक चले इस समारोह में उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। सम्मानित शिक्षकों में मृत्युंजय कुमार एवं विनोद कुमार शामिल हैं। मृत्युंजय कुमार नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, खुटौना यादव टोला तथा विनोद कुमार नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, बेलाहीराम पूर्वी में पदस्थापित हैं। दोनों शिक्षकों ने बिहार दिवस-2026 के सफल आयोजन और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रशस्ति-पत्र में उनके समर्पण, मेहनत और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की सराहना की गई है। विभाग ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक ही शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### सदस्यों की गैरहाज़िरी से गिरा अविश्वास प्रस्ताव, रीता देवी पद पर कायम



बीएनएम @ रामगढ़वा

**रामगढ़वा।** प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण स्वतः खारिज हो गया, जिससे प्रमुख श्रीमती रीता देवी अपने पद पर बरकरार रहीं। जानकारी के अनुसार, प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 25 मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी। बैठक में प्रवेक्षक के रूप में एडीएम मो. शिवगतुल्लाह मौजूद थे, जबकि कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक होनी थी। निर्धारित समय के अनुसार बैठक की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन एक घंटे तक यानी 12 बजे तक सदन में एक भी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ। सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण अविश्वास प्रस्ताव स्वतः निरस्त हो गया और रीता देवी अपने पद पर कायम रहीं। अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद प्रमुख रीता देवी के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रखंड परिसर में उप प्रमुख अरविंद पांडेय, सरपंच प्रमोद नारायण सिंह, विशाल गुप्ता एवं भूषण सिंह समेत अन्य समर्थकों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर बधाई दी और खुशी का इजहार किया।

# शातिर मोबाइल चोर जयशंकर सिंह गिरफ्तार, चोरी के तीन मोबाइल व उपकरण बरामद

बीएनएम @ अरेराज






**अरेराज।** पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी की घटनाओं में संलिप्त एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस सफलता को क्षेत्र में बढ़ रही मोबाइल चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अरेराज बाजार में छापेमारी की। इस दौरान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बरवा निवासी जयशंकर सिंह को संदिग्ध स्थिति में पकड़ लिया गया। तलाशी के क्रम में उसके पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन, एक पेचकस तथा मोबाइल खोलने वाले नौ पिन बरामद किए गए, जिससे उसके पेशेवर अपराधी होने की पुष्टि हुई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। वह पूर्व में भी मोबाइल चोरी के मामलों में जीआरपी मोतिहारी तथा बेतिया थाना से जेल जा चुका है। इस कार्रवाई में अपर थानाध्यक्ष रम्रेंद्र कुमार एवं एसआई अविनाश कुमार की अहम भूमिका रही, जिन्होंने सटीक घेराबंदी कर आरोपी को मौके से फरार होने का कोई मौका नहीं दिया। फिलहाल पुलिस ने संबंधित कांड दर्ज कर लिया है और अभियुक्त के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आम जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## गैस संकट के अभी शुरुआती दिन

पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचा (जिसकी पूरी संभावना है) और होरमुज जलडमरुमध्य का मार्ग बंद रहा, तो आने वाले दिनों में नोटबंदी या कोरोना काल जैसे परिमाण के संकट का सामना देश को करना पड़ सकता है।

रसोई गैस के लिए हाहाकार मच गया है। जगह-जगह से सिलिंडर भरवाने के लिए गैस एजेंसियों के सामने लंबी कतारों की खबरें मिल रही हैं। ये हाल तब है, जबकि सरकार ने एलपीजी की 80-85 फीसदी सप्लाई औद्योगिक क्षेत्र से घरेलू उपयोग के लिए भेजने का निर्णय लिया है। कॉमर्शियल उपयोग के लिए गैस की सप्लाई काफी हद तक बाधित हो चुकी है। गौरतलब है कि अभी संकट के शुरुआती दिन हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचा (जिसकी पूरी संभावना है) और होरमुज जलडमरुमध्य का मार्ग बंद रहा, तो आने वाले दिनों में नोटबंदी या कोरोना काल जैसे परिमाण के संकट का सामना देश को करना पड़ सकता है। अब यह सामने आया है कि चूंकि गैस का भंडारण मंहगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार सप्लाई पर ही निर्भर बनाए रखा। अब चूंकि मुश्किल आ खड़ी हुई है, तो सरकार आपातकालीन निर्णय लेने को मजबूर है। उसने ऐसे लिए हैं, जिनसे घरेलू उपभोक्ताओं को अधिकतम राहत मिल सके। यह सही, मगर समस्याग्रस्त प्राथमिकता है। आखिर श्रमिक वर्ग के लोग फैक्टरियों या कार्यस्थलों पर कैंटीन या ढाबों में भोजन करते हैं। लाइन होटल ट्रक एवं बस ड्राइवरों और अन्य लंबी दूरी के यात्रियों के खाना खाने की जगहें हैं। फिर अनगिनत लोग रोज कामकाज के सिलसिले में यात्राओं पर जाते हैं, जो रेस्तरां या होटलों में ही भोजन करते हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि अनेक शहरों से रेस्तरां और होटलों में मेनू की कटौती हो रही है और कुछ रोज में उनके बंद हो जाने की चेतावनी दी गई है। रेस्तरां और क्लाउड किचन पर लाखों कर्मचारी एवं होम फूड डिलीवरी से जुड़े गिग वर्कर निर्भर हैं। उधर औद्योगिक गैस की कटौती से कल-कारखाने बंद हुए, तो उसका असर लाखों नौकरीशुदा लोगों पर पड़ेगा। उत्पादन, वितरण, एवं उपभोग में गिरावट से अर्थव्यवस्था पर होने वाला दूरगामी असर अलग है। तो कुल मिलाकर देश एक बड़ी मुश्किल में फंसता नजर आ रहा है। इसके मद्देनजर क्या यह कहना काफी होगा कि युद्ध होता है, तो दिक्कत होती है? या एहतियाती कदम ना उठाने के लिए किसी की जवाबदेही तय होगी?

# अमेरिका के युद्ध विराम घोषणा से निकली शांति की किरण

**मनोज कुमार अग्रवाल**

अमेरिका का पांच दिन के लिए एक तरफा युद्ध विराम का एलान बेहद खराब दौर में पहुंच चुके हालात में शांति का संदेश वाहक बन रहा है। मध्य पूर्व में तनाव के बीच ताज़ा घटनाक्रम इस ओर इशारा कर कर रहे हैं कि अब मिसाइल अटैक थमने को तैयार हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हालिया तनाव में आया यह अल्पविराम महज एक रणनीतिक ठहराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए एक निर्णायक अवसर है। पिछले 24 दिनों से इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच जारी भयंकर युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा पांच दिन के लिए युद्ध विराम की घोषणा करना निःसंदेह वैश्विक स्तर पर एक राहत देने वाली खबर हैं। युद्ध जैसे विनाशकारी परिदृश्य में जब भी संवाद और विराम की संभावना बनती है, वह केवल संबंधित देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए आशा की किरण लेकर आती है। ऐसे समय में जब हर दिन नई तबाही और अनिश्चितता का संदेश ला रहा था, अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा सकता है। इसमें कोई दोमत नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच संभावित बातचीत और सीमित समय के। के लिए सैन्य सैन्य कार्रवाई रोकने के संकेत ने वैश्विक स्तर पर उम्मीद की एक नई किरण जगाई है। इसका कारण है कि यह केवल दो देशों के बीच टकराव का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरी दुनिया अर्थव्यवस्था, राजनीति और मानवता पर पड़ रहा है।

आजकल युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया को हिला देते हैं। तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज पर सीधा प्रहार किया है। विकासशील देशों के लिए यह संकट और गहरा है, जहां महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है। ऐसे में यह युद्ध केवल तीन देशों का मसला नहीं, बल्कि पूरी मानवता के आर्थिक और सामाजिक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। सामरिक दृष्टि से देखा जाए तो अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को गहरी चोट पहुंचाई है। उसके पूरे नेतृत्व को खत्म कर दिया।

आपको पता रहे कि ईरान के कई रणनीतिक ठिकानों और आधारभूत ढांचे को ध्वस्त कर ईरान को करीब 20 से 25 साल पीछे धकेल दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले को अस्थायी रूप से टालने का निर्णय, भले ही पांच दिनों के लिए हो, एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक संकेत है। यह दिखाता है कि युद्ध के बीच भी बातचीत की संभावना सरावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। हालांकि, इस निर्णय को लेकर कई सवाल भी उठते हैं, खासकर तब जब ईरान ने किसी भी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बातचीत से इनकार किया है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि स्थिति अभी भी अनिश्चितताओं से भिरी हुई है। इस संघर्ष की पृष्ठभूमि को समझना आवश्यक है। माना जा रहा है कि अमेरिका ने काफी मजबूरी में युद्ध विराम का फैसला लिया है। अमेरिका शुरुआती रणनीति में यह मानकर चला था कि सीमित सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान के भीतर बाद ईरान के भीतर जन असंतोष उभरेगा और सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। लेकिन यह आकलन गलत साबित हुआ। न तो जनता सड़कों पर उतरी और न ही सत्ता संरचना में कोई तत्काल बदलाव आया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि बाहरी हस्तक्षेप के आधार पर किसी देश की आंतरिक राजनीति को बदलना इतना आसान नहीं है। युद्ध को आगे बढ़ाने का विकल्प अमेरिका के सामने था, लेकिन इसके साथ कई गंभीर जोखिम जुड़े थे। अफगानिस्तान और इराक के अनुभव पहले से ही अमेरिका के सामने हैं, जहां लंबे सैन्य अभियानों ने न केवल आर्थिक बल्कि राजनीतिक रूप से भी भारी कीमत वसूल की। इस पूरे घटनाक्रम में खाड़ी देशों की भूमिका भी अहम रही है। ओमान, कतर और सऊदी अरब जैसे देशों ने स्पष्ट संकेत दिए कि वे इस संघर्ष के विस्तार के पक्ष में नहीं हैं। उनके लिए यह युद्ध आर्थिक और सामरिक रूप से नुकसानदेह साबित हो सकता है। यदि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला होता, तो जवाबी कार्रवाई में खाड़ी क्षेत्र के तेल और गैस संसाधन भी निशाने पर आ सकते थे। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ता। होर्मुज जलडमरूमध्य का मुद्दा भी इस संघर्ष के केंद्र में है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। यदि यहां तनाव बढ़ता है या मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध होता है, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। यही कारण है कि सैन्य विशेषज्ञों ने भी इस क्षेत्र में युद्धपोत भेजने के जोखिमों को लेकर चेतावनी दी है। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो इस संघर्ष ने पहले ही वैश्विक बाजारों को झकझोर दिया है। तेल की कीमतों में तेजी, गैस की कीमतों में उछाल और शेयर बाजारों में अस्थिरता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बुद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहता। भारत जैसे देशों के लिए, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं, इसका सीधा असर महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ता है। हालांकि, जैसे ही युद्धविराम की संभावना सामने आई, बाजारों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेल की कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी यह दर्शाती है कि निवेशक और वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिरता की उम्मीद कर रहे हैं। यह एक संकेत है कि शांति केवल मानवीय दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अनिवार्य है। फिर भी, यह समझना जरूरी है कि यह पांच दिनों का युद्धविराम एक स्थायी समाधान नहीं है। ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले टालने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह फैसला दर्शाता है कि कूटनीति की खिड़की अभी बंद नहीं हुई है। पांच दिनों का यह ठहराव केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि संवाद के लिए एक संभावित दरवाजा है। यहां बता दे कि ईरान द्वारा किसी भी बातचीत से इनकार और अपनी शर्तों पर अड़े रहना यह बताता है कि रास्ता अभी आसान नहीं है। ईरान की ओर से रखी गई शर्तें,अमेरिकी सैन्य ठिकानों का बंद होना, होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नए नियम और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों पर कार्रवाई स्पष्ट रूप से उसकी रणनीतिक सोच को दर्शाती हैं। यह केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी इन शर्तों को स्वीकार करने की स्थिति में शायद ही हों। ऐसे में गतिरोध की स्थिति बनना स्वाभाविक है। फिर भी, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि तनाव कम होते ही तेल की कीमतों में गिरावट आई है। अब समय आ गया है कि युद्ध की भाषा को छोड़कर बातचीत की भाषा अपनाई जाए। युद्ध विराम इतिहास के पन्नों में एक निर्णायक मोड़ बन सकता है, बशर्ते इसे समझदारी और दूरदृष्टि के साथ पूर्ण विराम में बदला जाए।हालांकि हो सकता है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के इरादों को परख रहे हैं। यदि बातचीत आगे बढ़ती है, तो यह एक बड़े समझौते का रास्ता खोल सकती है। लेकिन यदि यह प्रयास विफल होता है, तो संघर्ष और भी तीव्र रूप ले सकता है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि युद्ध का कोई स्थायी समाधान नहीं होता। इतिहास गवाह है कि सैन्य संघर्ष अंततः बातचीत की मेज पर ही समाप्त होते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि दोनों पक्ष संयम बरतें और कूटनीतिक रास्ते को प्राथमिकता दें। मानवता के दृष्टिकोण से देखें तो युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान आम लोगों को होता है। चाहे वह ईरान हो, इजरायल हो या कोई अन्य देश युद्ध की कीमत हमेशा निर्दोष नागरिकों को चुकानी पड़ती है। ऐसे में हर वह कदम, जो बुद्ध को रोकने की दिशा में उठाया जाता है, स्वागत योग्य है। आज जब दुनिया पहले ही कई संकटों, आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक तनाव से जूझ रही है, तब एक और बड़े बुद्ध की संभावना चिंता का विषय है। ऐसे समय में वैश्विक नेतृत्व की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे शांति और स्थिरता को प्राथमिकता दें। अंततः यह पांच दिनों का विराम केवल एक अवसर है एक मौका, जिसे यदि सही दिशा में उपयोग किया जाए, तो यह स्थायी शांति की ओर पहला कदम बन सकता है। लेकिन यदि इसे खो दिया गया, तो इसके परिणाम केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्चिक स्तर पर गंभीर होंगे। दुनिया आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां उसे यह तय करना है कि वह टकराव का रास्ता चुनेगी या संवाद का। हकीकत यह है कि युद्ध के आंकड़ों और रणनीतियों के बीच अक्सर मानवीय पहलू दव जाता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि हर संघर्ष के पीछे लाखों लोगों का जीवन प्रभावित होता है। विस्थापन, आर्थिक संकट, मानसिक तनाव ये सभी युद्ध के अदृश्य लेकिन गहरे प्रभाव हैं। इसलिए किसी भी निर्णय में मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता देना आवश्यक है। युद्ध कभी भी किसी समस्या का अंतिम समाधान नहीं होता। यह केवल विनाश, अस्थिरता और अनिश्चितता को जन्म देता है। इसलिए उम्मीद यही है कि समझदारी और दूरदृष्टि का परिचय देते हुए विश्व नेता विश्व नेता शांति का मार्ग अपनाएंगे, क्योंकि युद्ध जितनी जल्दी खत्म हो, उतना ही अच्छा है, सिर्फ देशों के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि ईरान भी सकरात्मक कदम पहल करें। ट्रंप ने हाथ आगे बढ़ा दिया है अब गेंद ईरान के पाले में ही है। इन सबके बीच देखा जाए तो इसमें कोई दो राय नहीं है कि ट्रंप के दावे ने उम्मीद जगाई है कि शायद अब समझदारी और संयम को प्राथमिकता दी जाएगी। पूरी दुनिया की नजरें इस पर टिकी हैं कि यह विराम एक स्थायी शांति में बदलता है या नहीं। अगर यह संभव होता है, तो यह न केवल संबंधित देशों बल्कि पूरी मानवता के लिए बेहतरी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# चंडीगढ़ : नाम बड़े दर्शन छोटे

**निर्मल रानी**

भारत में वर्तमान में 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ अकेला है जिसे "सिटी ब्यूटीफुल" कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी और अनोखी विशेषता यह है कि यह देश का एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जो देश के पंजाब और हरियाणा जैसे दो समृद्ध राज्यों की संयुक्त राजधानी है। इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ न केवल एक शहर है, बल्कि यह एक स्वतंत्र केंद्र शासित प्रदेश भी है, जो सीधे केंद्र सरकार के अधीन आता है। इसकी स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि यह है कि 1947 के भारत विभाजन के बाद जब पूर्वी पंजाब की पुरानी राजधानी लाहौर पाकिस्तान में चली गयी तो भारतीय पंजाब को एक नई राजधानी की ज़रूरत महसूस हुई।उसी समय 1950 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप चंडीगढ़ को आधुनिक भारत के पहले व पूर्णतः नियोजित शहर के रूप में पंजाब की नई राजधानी के तौर पर इसे बनाया गया। इसे विश्व प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ले कोर्बुजिए ने डिज़ाइन किया था। बाद में जब 1 नवंबर 1966 को पंजाब राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित कर हरियाणा बनाया गया उस समय चंडीगढ़ को दोनों राज्यों के बीच विवाद से बचने के लिए केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया और इसे दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बना दिया गया। आज भी दोनों प्रदेशों की राजधानी होने के बावजूद चंडीगढ़ न तो पूरी तरह पंजाब का है और न हरियाणा का बल्कि यह पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित है।

लगभग 50 आयताकार सेक्टरों में बांटा गये इस चंडीगढ़ में चौड़ी सड़कें, हरियाली, पार्क और आधुनिक इमारतें हैं। यहाँ कैपिटल कॉम्प्लेक्स के रूप में विधानसभा, सचिवालय व उच्च न्यायालय हैं। यहाँ विद्युत ,जल निकासी,नाले नालियां सभी भूमिगत हैं। यह शहर यूनेस्को की भी विश्व धरोहर है।यहाँ स्थित रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज़ गार्डन आदि जगहें इसे पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देती हैं। भारत के अन्य शहरों की तुलना में यहां जनघनत्व कम, सड़कें व्यवस्थित और प्रदूषण नियंत्रित होने का दावा किया जाता है। यह भारत में मानव विकास सूचकांक और जीवन की गुणवत्ता में भी शीर्ष पर है। यह "पेंशनर्स पैराडाइज़" भी कहलाता है क्योंकि यहां शांत वातावरण, अच्छी सुविधाएं और उच्च जीवन स्तर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में यह दूसरे नंबर पर था । आवासीय क्षेत्र, बाज़ार , जल निकासी और सार्वजनिक शौचालयों के मामले में भी यह सबसे साफ़ केंद्र शासित प्रदेश गिना जाता है।

परन्तु इसी चमचमाते चंडीगढ़ का एक दूसरा पहलू भी है जो कि अत्यंत दुखद,शर्मनाक व चंडीगढ़ जैसे सुनियोजित शहर की सुंदरता व इस पर लगे "सिटी ब्यूटीफ़ुल " के लेबल पर सवाल खड़ा करने वाला है। मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहाँ के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ़ सुथरे हैं परन्तु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाक़ों से गुज़रें तो आप को पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है। उदाहरण के तौर पर चंडीगढ़ में हेलो माजरा,राम दरबार कालोनी व डड्डू माजरा जैसे अनेक इलाक़े ऐसे हैं जहाँ सड़कें ख़स्ता हाल हैं। गड्ढे हैं ,जगह जगह कूड़ों का ढेर है। गायें व सांडों का झुण्ड जगह जगह घूमता व चौक चौराहों पर डेरा जमाये नज़र आता है। राम दरबार कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी, जाम नालियों और ख़राब सफ़ाई -प्रबंधन के कारण अपेक्षाकृत चंडीगढ़ के उपेक्षित इलाक़ों में गिने जाते हैं। "राम दरबार वॉर्ड-19" की एक बड़ी आबादी वाली बस्ती है, जिसकी मूल सुविधाओं की हालत लगातार घटती जा रही है और समस्यायें दोनोंदिन बढ़ती जा रही हैं।

इसी राम दरबार की शान है एक प्राचीन सूफ़ी स्थल दरबार, माता राम बाई जी,अम्मी हुज़ूर। चंडीगढ़ को पहचान देने वाला यह अकेला ऐसा स्थान है जो सर्व धर्म समभाव का मुख्य केंद्र है। इससे सटा हुआ एक सार्वजनिक शौचालय है जोकि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा निर्मित व संचालित है। परन्तु आश्चर्य की बात यह है कि इस शौचालय भवन में बिजली का कनेक्शन कटा हुआ है। इसलिये शौचालय के कर्मचारी ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से इधर उधर से बिजली का तार जोड़कर अपनी ज़रूरतें पूरी करते हैं। इसी शौचालय के कर्मचारी यह भी बताते हैं कि उन्हें ठेकेदार कई कई महीने तक तनख़्वाह नहीं देता। और हद तो यह है कि चंडीगढ़ के इसी सार्वजनिक शौचालय ने गंदिगी,बीमारी व प्रदूषण फैलाने की वह इबारत लिखी है जिसकी दूसरी मिसाल शायद ही कहीं देखने को मिले। लाखों रूपये ख़र्च कर किये गये इस निर्माण में शौचालय की सीवेरज प्रणाली शायद जाम हो गयी है। लिहाज़ा यहाँ के कर्मचारियों ने शौचालय के पीछे व पवित्र दरबार भवन की दिशा में लगभग 20 फ़ुट लंबा एक गहरा व खुला गड्ढा खोद कर उसी से सीवेरज को जोड़ दिया है। परिणामस्वरूप शौचालय की सारी गंदिगी आगे बढ़ने के बजाये उसी गड्ढे में हर वक़्त भरी रहती है और दुर्गन्ध फैलती रहती है। इसी जगह के पास प्रत्येक वृहस्पतिवार को एक विशाल मंडी भी लगती है जिसमें हज़ारों लोग आते जाते हैं।

इसी जगह पर कूड़ों का ढेर भी पड़ा रहता है जो आम दिनों में प्रदूषण फैलाता है। परन्तु इंतेहा तो तब हो जाती है जब इन्हीं कूड़े के ढेरों में आग लग जाती है। कई बार अग्निशामक दस्ते के लोगों को आकर यह आग बुझानी पड़ी है। 1 जून 2025 को ददुमाजरा लैंडफ़िल साइट जोकि 45 एकड़ में फैला कूड़ा का पहाड़ है यहाँ पर भयानक आग लग गयी थी। यह आग तेज हवाओं के कारण तेज़ी से बड़े क्षेत्र में फैल गयी थी। इस आग से निकलने वाले घने काले धुएं ने आसपास के रिहायशी इलाक़ों को घेर लिया था। लोगों में दहशत फैल गई थी लोगों का दम घुटने लगा था और सांस की तकलीफ़ और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो गयी थीं। उस समय आग बुझाने के लिए सेक्टर 38, 17, 32, रामदरबार और मनीमाजरा से एक दर्जन से ज़्यादा फ़ायर ब्रिगेड गाड़ियां लगाई गईं थीं । यही स्थिति राम दरबार के सामने खुले मैदान पर पड़े कूड़े के ढेर पर कई बार हो चुकी हैं। चंडीगढ़ के सिटी ब्यूटीफ़ुल होने के तमाम सरकारी दावों के बावजूद अभी भी यहाँ की बड़ी व घनी आबादी जिन समस्याओं का शिकार है उन्हें देखकर तो यही कहा जा सकता है कि चंडीगढ़ के नाम तो बड़े हैं परन्तु दर्शन छोटे हैं।

## 27 मार्च को रामनवमी सर्वार्थसिद्धि योग भी

आचार्यडॉप्रदीपद्विवेदी "रमण"
शिव साधक- श्री राधारमण शिष्य सम्प्रदाय, मिश्री मठ, हरिद्वार
पत्रकार व आध्यात्मिक लेखक

नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11:49 बजे से प्रारंभ होकर 27 मार्च को सुबह 10:07 बजे तक रहेगी। 26 मार्च को माध्यान्ह काल के प्रारंभ में अष्टमी तिथि, मिथुन लग्न और समाप्ति होने तक नवमी तिथि, कर्क लग्न मिल रहा है। शास्त्रो के अनुसार ( निर्णय धर्म सिंधु पेज संख्या 151 व धर्म सिंधु पेज संख्या 80) अष्टमी युक्त नवमी के निषेध है। जिसे विष्णु भक्तो को छोड़ देना चाहिए।

मध्य काल को महत्व देने वाले 26 मार्च को पूजन प्रारंभ कर सकते है। 27 मार्च को सर्वार्थसिद्धि योग सुबह 06:03 से दोपहर 03:24 बजे तक और अमृत योग सुबह 06:03 से सुबह 10:07 बजे तक है। उदया में नवमी तिथि, शुक्रवार, पुनर्वसु नक्षत्र , अति गंड योग तथा कौलव करण है। 27 मार्च को सूर्योदय के समय पुनर्वसु नक्षत्र और 3 मुहूर्त से अधिक उदया व्यापिनी नवमी तिथि प्राप्त हो रही है। नवमी पूजन 27 को किया जाएगा। इसी दिन रामनवमी के व्रत भी रखा जाएगा।




**मेष राशि–** आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आपका करीबी आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।

**वृष राशि–** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज काम शुरू करते वक्त आपको सोच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। नेत्र संबंधित समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है।

**मिथुन राशि–** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वॉइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। माता के आगे माथा टेके, कारोबार में बढ़ोतरी होगी।

**कर्क राशि–** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए। आज आप नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। व्यापार में थोड़ा बदलाव लाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज किसी कन्या के पैर छूकर आशीर्वाद लें, आपकी मेहनत रंग लायेगी।

**सिंह राशि–** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। स्कन्द माता को फूल अर्पित करें, मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कन्या राशि–** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस में डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ ख़ुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा।

**तुला राशि–** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। दुर्गा जी की आरती करें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**वृश्चिक राशि–** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। माता के सामने घी का दीपक जलाएं, जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

**धनु राशि–** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य अनुसार सहायता करेंगे। सफलता की नई किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

**मकर राशि–** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप मशीनरी खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेमभाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। स्कंदमाता को मीठे का भोग लगाएं, किस्मत का साथ मिलता रहेगा।

**कुंभ राशि–** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा, लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा।

**मीन राशि–** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे। सिविल इंजीनियर्स का आज पहले का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आपके सभी रुके हुए काम बनेंगे।

# जनजातीय को सम्मिलित किए बिना अधूरा है सुको का निर्णय

**डॉ. प्रवीण दताराम गुगनानी**

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति के संदर्भ में अत्यंत ही महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। इस निर्णय से धर्मांतरण के अवैध व असामाजिक कृत्यों से देश को अंशतः मुक्ति मिलेगी। यद्यपि यह निर्णय अभी अधूरा है, जनजातीय समाज को भी इस निर्णय में सम्मिलित करने से ही देश आरक्षण के दुरुपयोग को रोक पायेगा, तथापि, इस निर्णय से भारत में आरक्षण कानून की आत्मा की अंशतः रक्षा तो होगी ही। यद्यपि यह निर्णय समय की माँग के अनुसार जनजातीय वर्ग को अपने प्रभाव में नहीं ले रहा है तथापि इस प्रकार के निर्णय की प्रतीक्षा देश का अनुसूचित जनजातीय समाज बड़ी आतुरता से कर रहा है। शीर्ष न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति (SC) के अंतर्गत मिलने वाले आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा जो मूल रूप से उस सामाजिक-धार्मिक श्रेणी में बने रहते हैं। यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर लेता है, तो वह स्वतः उस आरक्षण के अधिकार से वंचित हो सकता है, क्योंकि यह आरक्षण ऐतिहासिक सामाजिक वर्गीकरण के आधार पर दिया गया है। यह निर्णय केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को, सामाजिक संरचना को व हिंदुत्व के विरुद्ध चल रहे कुचक्र को रोकने वाला महत्वपूर्ण कदम है। स्वामी विवेकानंद ने धर्मांतरण की आग की आँच को भाँपकर ही कहा था - "एक धर्मांतरण एक देशद्रोही को जन्म देता है।" भारत में विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय जाति व्यवस्था को षड़यंत्रपूर्वक छिन्न-भिन्न किया गया था। विदेशी आक्रमणकारी चाहे वे मुस्लिम हों या अंग्रेज़ अपने लाभ के लिए भाले-भाले हिंदू समाज में जातियों के आधार पर मतभेद के बीज बोते रहे हैं और सत्ता की फसल काटते रहे हैं। विदेशी आक्रणताओं के षड्यंत्रों के परिणाम स्वरूप ही पराधीन भारत में कई जातियों को हिंदू समाज में घोर उपेक्षा, अनदेखी, अनादरण व अपवंचन का करना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है कि जब कोई व्यक्ति धर्म बदलता है, तो वह उस मूल सामाजिक ढांचे से बाहर आ जाता है, जिसके कारण उसे आरक्षण दिया गया था। यह सही भी है। विदेशी धर्मों को मानने वाले कई लोग धर्म बदलकर भी आरक्षण का लाभ उठा रहे थे जो कि आरक्षण कानून की मूल आत्मा के ही विरुद्ध है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह मंतव्य प्रकट किया है कि ईसाईत व इस्लाम में जाति व्यवस्था का उल्लेख ही नहीं है अतः जातिगत भेद-विभेद भी इन धर्मों में नहीं होते हैं। यह निर्णय ईसाई एवं इस्लामिक की मान्य मजहबी किताबों के आशय / दुराशय को ही आगे बढ़ाता है। बौद्ध, जैन, सिक्ख समुदाय को आरक्षण का लाभ पूर्ववत् मिलता रहेगा क्योंकि इनमें जाति व्यवस्था लागू है। भारतीय समाज समाज में मंथन चलता रहा है कि धर्मांतरण केवल आस्था का विषय है या इसके पीछे सामाजिक, आर्थिक और संस्थागत कारण भी काम करते हैं। अधिकांश धर्म परिवर्तन के मामलों में यह देखा गया है कि गरीब और वंचित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार या अन्य सुविधाओं के माध्यम से प्रभावित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। मतांतरण के पीछे केवल और केवल दुराशय ही होते हैं। यह और कुछ नहीं अपितु भारत में जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ कर अपनी संख्या बढ़ाने समाज, सत्ता, व्यवस्था को मजहबी कानून से चलाने का एक षड्यंत्र है। लोकतंत्र में संख्या बल ही सत्ता को निर्धारित, नियंत्रित व नियमित करता है। धर्मांतरण कुचक्र का लक्ष्य अपनी संख्या बढ़ाने और टेक्टिकल वोटिंग के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया में हावी होने का रहता है। इस विषय में यह भी ध्यान देना चाहिए कि दो कथित धर्म की मूल व्याख्याओं में ही अपनी संख्या को येन केन प्रकारेण बढ़ाने का मूल लक्ष्य सम्मिलित है। यह एक प्रामाणिक तथ्य है जिसे हम इनकी मजहबी किताबों में सरलता दे देख सकते हैं। यहीं से मतांतरण एक राष्ट्र विरोधी कार्य बन जाता है। भारत में ईसाईयत एवं इस्लाम की विस्तारवादी दुष्प्रवृत्ति मतांतरण का प्रमुख कारण है। ईसाईयत एवं इस्लाम दुष्प्रवृत्ति ने भारत के जातीय वर्गीकरण में असंतोष, भेद, विभेद, मतभेद, दूरियों के बीज बोए और सत्ता हथियाकर भारतीय धन-संपदा, संसाधनों को भरपूर लूटा है। सर्विदित है कि भारत में निर्धन वर्ग को व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के बंधुओं को लक्ष्य बनाकर ईसाई व मुस्लिम संस्थानों द्वारा धर्मांतरण कराया जा रहा है। यह धर्मांतरण लव जिहाद, लैंड जिहाद आदि जैसे आपराधिक तरीकों से कराया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, कुछ सुविधाएँ, आदि देने के नाम पर बलात् मतांतरण के लाखों मामले देश के वायुमंडल में विष घोलते रहे हैं। डरा-धमकाकर, बहला-फुसलाकर भारतीय ग्रामीणों भी मतांतरण कराए जाने के लाखों मामले प्रतिवर्ष समाज में आते रहे हैं। इस प्रकार के मामले सामने आने पर देश में अनेक बार सामाजिक शांति, सौहाद्र, सद्भाव बिगड़ता है व कानून व्यवस्था भंग होती है। मतांतरण के कारण देश में झगड़े, दंगे, बवाल होते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से आरक्षण का लाभ समाप्त होने के भय से मतांतरण की गति कम होगी। यह निर्णय सुनिश्चित करता है कि आरक्षण का लाभ उसी उद्देश्य के लिए उपयोग हो, जिसके लिए उसे बनाया गया था। स्वाभाविक ही है कि धर्म परिवर्तन के साथ व्यक्ति का सामाजिक नेटवर्क, संस्थागत समर्थन और जीवनशैली बदल सकती है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या वह पहले जैसी सामाजिक वंचना का सामना कर रहा है या नहीं? इस निर्णय का स्वागत समूचा देश कर रहा है किंतु इसमें अभी कुछ और सुधार होना शेष है। एसी के साथ-साथ यह नियम एसटी पर भी लागू होना चाहिए था। देश का जनजातीय समाज भी इन विदेशी व आयातित धर्मों के दुश्चक्र का बड़ा शिकार रहा है। देश का इतिहास साक्षी है कि वनवासी समाज को बड़ी मात्रा में शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक लालच, लव जिहाद, लैंड जिहाद, डरा-धमकाकर मतांतरण के कुएँ में धकेला जाता रहा है। सर्वोच्च न्यायालय को इस वन्दनीय निर्णय के आलोक में जनजातीय आरक्षण, मतांतरण आदि का अध्ययन करके स्वयं ही संज्ञान लेना चाहिए।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसार:-9931408109 ईमेल:-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# आईपीएल में वापसी को तैयार हैं तेज गेंदबाज मयंक

**एजेंसी, लखनऊ**



पिछले काफी समय से फिट नहीं होने के कारण खेल से दूर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल के इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। मयंक ने कहा कि पहले वह अपने शरीर पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे पर अब वह करियर को बचाने के लिए काफी सजग हैं। मयंक को कई बार चोट के कारण खेल से दूर होना पड़ा है। आईपीएल 2024 में चोट लगने से उन्हें बड़ा झटका लगा था। इसके बाद वह लगातार चोट से परेशान रहे और आईपीएल 2025 के शुरुआती मैचों के बाद बाहर हो गए।

अब वह बेंगलुरु के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिहैबिलिटेशन पूरा करके आईपीएल में वापसी को तैयार हैं। मयंक ने कहा, 'सर्जरी के बाद मेरे लिए सब कुछ बदल गया। पहले मैं अपना ध्यान नहीं रखता था। रिकवरी सत्र से बचता था और कई चीजों को नजरअंदाज करता था पर अब मैं रिकवरी, पोषण और नींद पर पूरा ध्यान देता हूं। जितना मैं अपने शरीर का सम्मान कर रहा हूं, उतना ही मेरा शरीर भी मैदान पर मेरा साथ दे रहा है।'मयंक ने कहा कि एनसीए में उनकी मुलाकात जसप्रीत बुमराह से हुई, जिन्होंने भी ऐसी ही सर्जरी कराई थी। उनके साथ मेरा अच्छा तालमेल है। उन्होंने इसको लेकर मुझे काफी सुझाव दिये जिनका मैं अब पालन कर रहा हूं। तब उन्होंने कहा था कि सर्जरी के बाद वापसी करने पर किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में उनके अनुभवों से मुझे सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि रिकवरी के दौरान शरीर कैसा महसूस करेगा और इस कठिन समय का सामना कैसे करना है।

मयंक का अब तक का करियर चोटों से प्रभावित रहा है। साल 2022 में आईपीएल में प्रवेश के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 20 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा था। दो सीजन बाद 2024 में उन्हें डेब्यू का अवसर मिला। इस गेंदबाज ने अपने डेब्यू मैच में ही 150 किमी की गति से गेंदबाजी कर सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने सत्र की सबसे तेज गेंद गेंद 156.7 किमी प्रति घंटे रफ्तार से फेंकी। यह इतिहास की सबसे तेज गेंदबाजों में से एक है। मयंक की नजरें अब आईपीएल सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन कर अपने को साबित करना रहेगा। अब तक मयंक ने 6 आईपीएल मैचों में 9 विकेट लिए हैं। उनका लक्ष्य आईपीएल में अपने प्रदर्शन से भारतीय टी20 टीम में अपनी दावेदारी पेश करना रहेगा।

## वैभव सूर्यवंशी के पास अच्छा बल्लेबाजी कौशल : जितेश शर्मा

**एजेंसी, मुम्बई**



विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा ने उभरते हुए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। जितेश के अनुसार वैभव एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो हमेशा आक्रामक बल्लेबाजी पसंद करते हैं। उनके पास अच्छा कौशल है और वह आने वाले समय में विश्व क्रिकेट में छा सकते हैं। वैभव ने केवल 15 साल की उम्र में ही काफी कुछ हासिल कर लिया है। पहले आईपीएल में ही उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाकर सबको हैरान कर दिया था। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसके बाद भी इस बार आईपीएल में उनकी राह आसान नहीं रहेगी। इस बार उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद अब सभी टीमों के गेंदबाज उनकी बल्लेबाजी का आंकलन कर उनाक कमजोर पक्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं और उन सभी का लक्ष्य उस क्षेत्र में गेंदबाजी करना रहेगा जिसमें वह कमजोर हैं। इस बार टीम में संजू सैमसन के नहीं होने से भी वैभव को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। ये भी हो सकता है कि उन्हें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है। वहीं दक्षिण अफ्रीक के पूर्व कप्तान ए बी डिविलियर्स ने कहा कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने वैभव को अंडर-19 में बल्लेबाजी करते हुए देखा है। डिविलियर्स ने कहा, जब आपको आईपीएल और बड़ी क्रिकेट लीग का अनुभव मिलता है और आप फिर भी उसी स्तर का प्रदर्शन करते हैं, तो यह आसान नहीं होता। उन्होंने जिस तरह से अंडर-19 विश्व कप में खेला, उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ। मैं उनके खेलने के तरीके की बात कर रहा हूं। उन्होंने अपने गेम प्लान पर कायम रहते हुए खेला। जैसे उन्होने आईपीएल में खेला, वैसे ही वहां भी खेला।

## अमेलिया के अच्छे प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च** । अमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की महिला टीम ने यहं खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 92 रनों से हरा दिया। इस मैच में जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम ने पांच मैचों की इस सीरीज को 4-1 से जीता। अमेलिया ने इस मैच में 105 रन बनाने के साथ ही दो विकेट भी लिए। इस मैच में अमेलिया के शतक से कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 194 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नो विकेट पर 102 रन ही बना सकी और 92 रनों से हार गई। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज इस मैच में कीवी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये। केवल एनरी डकर्सन ही सबसे अधिक 23 रन बनाये। उनके अलावा सुने लूस ने 13 जबकि कायला रेनेके ने 10 रनों रन बनाये। अयाबोंगा खाका ने 12 रन बनाये। वहीं बचे हुए सात बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये।



न्यूजीलैंड की ओर से ताहिलिया तहुहू ने तीन विकेट जबकि सोफी डिवाइन और अमेलिया केर ने दो-दो विकेट लिए। वहीं नेंसी पटेल और फ़्लोरा डेवनशायर ने एक-एक विकेट लिया। आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर कीवी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहला विकेट शुरुआत में ही 9 रन के स्कोर पर खो दिया पर अमेलिया एक छोर पर टिकी रहीं।

## मिचेलसन को हराकर मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचें सिनर

**एजेंसी, मियामी**

इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है। इस जीत के साथ ही सिनर मियामी ओपन के अपने पहले पांच मुकाबलों में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि केवल यानिक नोह और स्टीफन एडबर्ग को हासिल हुई थी। सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से पीछे होने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। जीत के बाद सिनर ने कहा कि अच्छी सर्विस के कारण ही वह जीत हासिल कर पाये हैं। साथ ही कहा कि खिताबी जीत के लिए अभी उन्हें काफी प्रयास करना होगा। इसके लिए उन्हें खेल का स्तर ऊंचा उठाना होगा। इसके लिए वह ब्रेक के दौरान अभ्यास करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में स्पेन के युवा खिलाड़ी मार्टन ने भी बड़ा उलटफेर करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी सेबेस्टीयन कोर्डा को 2-6, 7-6(6), 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में स्थान बनाया। अब उनका सामना जिरी लेलेका से होगा। से होगा। लेलेका ने टेलर फिट्ज को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

## कोको गाफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

**एजेंसी, फ्लोरिडा**



अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गाफ मियामी ओपन टेनिस टूर्नोमेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। गाफ ने क्वार्टर फाइनल में स्विटजरलैंड की मेलिंडा बेनसिस को हराया। गॉफ ने इस मुकाबले के बीच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच में गाफ ने पहला सेट 6-3 से जीता पर दूसरे सेट में उसे 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीसरे सेट में गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए जबरदस्त वापसी करते हुए मुकाबला 6-3, 1-6, 6-3 से अपने नाम किया । जीत के बाद गाफ ने कहा, यह एक कठिन मैच था। बेलिंडा काफी अच्छी खिलाड़ी हैं। इस मैच में जीत के लिए मुझे काफी संघर्ष करना पड़ा।अब सेमीफाइनल में गाफ का सामन चेक गणराज्य की केरोलिन मुचोवा से होगा। यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।

# बिजनेस

## पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद के कारण ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**एजेंसी, नई दिल्ली**




पश्चिम एशिया में शांति होने की उम्मीद के कारण ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। इसके पहले पिछले सत्र के दौरान अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग को लेकर जारी असमंजस की स्थिति की वजह से अमेरिकी बाजार कमजोरी के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज चौतरफा तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में सीजफायर को लेकर अमेरिका और ईरान की ओर से अलग-अलग बयान आने की वजह से पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में असमंजस की स्थिति बनी रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,556.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 184.87 अंक 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,761.89 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 379.77 अंक यानी 0.82 प्रतिशत उछल कर 46,503.83 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के कारोबार के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ 9,965.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,743.92 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत डीएएक्स इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,636.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज चौतरफा तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के सभी नौ बाजार आज मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 265.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,212 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.37 प्रतिशत उछल कर 4,880.19 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 870.61 यानी 2.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 33,482.85 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 1,372.72 अंक यानी 2.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 53,625 अंक के स्तर तक आ गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,440.79 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 98.99 अंक यानी 1.78 प्रतिशत उछल कर 5,652.91 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.88 प्रतिशत की छलांग लगा कर 3,915.49 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,152.21 अंक के स्तर पर और हैंग सेंग इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ 25,078 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## वायदा बाजार में बढ़ी सोना और चांदी की कीमत, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी आई तेजी


**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले कई दिनों से लगातार गिरावट का सामना कर रहे सोने और चांदी के भाव में आज अंतरराष्ट्रीय बाजार से लेकर वायदा बाजार तक तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। घरेलू सर्राफा बाजार में भी सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने आज जबरदस्त तेजी दिखाई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना आज तीन प्रतिशत से अधिक और चांदी पांच प्रतिशत से अधिक उछल गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल की डिलीवरी वाला सोना 3.63 प्रतिशत उछल कर 1,43,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह मई में डिलीवरी वाली चांदी 5.52 प्रतिशत की छलांग लगा कर 2,36,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, सोना और चांदी के भाव में यहां भी तेजी का रुख बना हुआ है। सिंगापुर गोल्ड एक्सचेंज में आज हाजिर सोना 3.76 प्रतिशत की उछाल के साथ 4567.30 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## जंग खत्म होने की उम्मीद में शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तूफानी तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

- **बाजार की मजबूती से निवेशकों को 8.24 लाख करोड़ का मुनाफा**

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच जारी जंग के थमने के संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन जबरदस्त तेजी का रुख बना रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों ने खरीदारी का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की रफ्तार लगातार बढ़ती गई। हालांकि, दोपहर दो बजे के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई। इसके बावजूद बाजार जोरदार तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.63 प्रतिशत और निफ्टी 1.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स खरीदारी के सपोर्ट से लगातार हरे निशान में कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई का कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स जबरदस्त खरीदारी के कारण 3.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह मेटल, हेल्थकेयर, कैपिटल गुड्स, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग इंडेक्स भी दो प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुए। इसके अलावा आईटी, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज तथा टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 2.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.59 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा आठ लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 431.02 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 422.78 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 8.24 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,472 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,949 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,357 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 156 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 3,010 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## वैश्विक बाजार में तेजी से चांदी की चमक बढ़ी, दिन के कारोबार में ढाई लाख पहुंची कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर चांदी ने आज एक बार फिर जबरदस्त छलांग लगाई है। चांदी ने आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ की थी। जैसे-जैसे दिन का कारोबार आगे बढ़ा, वैसे-वैसे चांदी की कीमत में भी इजाफा होता चला गया। फिलहाल दोपहर बारह बजे चांदी ओपनिंग लेवल से करीब 15 हजार रुपये की छलांग लगा कर देश के ज्यादातर हिस्सों में ढाई लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक या उसके करीब पहुंच गई है। देश के अलग अलग हिस्सों में चांदी आज 14,800 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 18,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई है। भाव में आई इस तेजी के कारण देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में आज चांदी 2,49,800 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही है। दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज 14,800 रुपये प्रति किलोग्राम उछल गई, जिसके कारण ये चमकीली धातु आज एक बार फिर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में चांदी 2,49,800 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही है। जबकि जयपुर, सूरत और पुणे में चांदी 2,50,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। बेंगलुरु में चांदी 2,50,300 रुपये के स्तर पर और पटना तथा भुवनेश्वर में 2,49,900 प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। इसके अलावा हैदराबाद में चांदी 18,100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी के साथ 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ विविड इलेक्ट्रोमेक का आईपीओ, 30 मार्च तक लगा सकते हैं बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लो और मीडियम वोल्टेज इलेक्ट्रिकल पैनल तथा ऑटोमेशन सिस्टम बनाने वाली कंपनी विविड इलेक्ट्रोमेक का 130.54 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 30 मार्च तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद दो अप्रैल को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि छह अप्रैल को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर सात अप्रैल को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 528 रुपये से लेकर 555 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 240 शेयर का है। विविड इलेक्ट्रोमेक के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 480 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,66,400 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 23.52 लाख शेयर जारी किए जा रहे हैं। इनमें 98 करोड़ रुपये के 17,65,200 नए शेयर और 4.68 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.42 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है।

## एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी का अनुमान बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**




पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.1 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा। इसकी मुख्य वजह मजबूत घरेलू मांग, स्थिर निर्यात और निजी निवेश में धीरे-धीरे हो रही बढ़ोतरी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत की जीडीपी ग्रोथ अगले वित्त वर्ष में 7.1 फीसदी बने रहना यह दिखाता है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की आर्थिक रफ्तार मजबूत बनी हुई है। एजेंसी ने इसकी वजह मजबूत निजी खपत, निवेश और निर्यात को इस वृद्धि का प्रमुख चालक माना है। एजेंसी ने कहा कि निजी खपत, निवेश एवं निर्यात वृद्धि के प्रमुख चालक रहेंगे। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एशिया-पैसिफिक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी बेहतर बनी हुई है और इसमें भारत एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। चीन को छोड़कर इस क्षेत्र की ग्रोथ 2026 में 4.5 फीसदी तक पहुंच सकती है, जिसमें मजबूत घरेलू गतिविधियां और टेक्नोलॉजी सेक्टर का अच्छा प्रदर्शन योगदान देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की आर्थिक वृद्धि धीमी हो सकती है और 2026 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। इसकी वजह कमजोर मांग, प्रॉपर्टी सेक्टर की दिक्कतें और बाहरी अनिश्चितताएं हैं।

# अजय देवगन भूतों की दुनिया से कराएंगे रूबरू, अगली फिल्म पर आया ये अपडेट



अजय देवगन ने एक बार फिर हॉरर जॉनर की तरफ वापसी करने की योजना बनाई है। एक ओर, जहां उनकी आगामी फिल्में दृश्यम 3 और गोलमाल 5 का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी दौरान उनकी नई फिल्मों ने फैंस को उत्साहित कर दिया है, क्योंकि अभिनेता फिर से भूतों की दुनिया में लौटेंगे। यह परियोजना इसलिए बेहद खास होगी क्योंकि फिल्म भूत (2003) और काल (2005) के बाद, अजय को दोबारा हॉरर फिल्म में देखा जाएगा।
के मुताबिक, अभिनेता ने हॉरर फिल्म के लिए सरदारजी फ्रैंचाइजी के निर्देशक रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। कुमार मंगत द्वारा निर्मित इसे एक हाई कॉन्सेप्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है। परियोजना से जुड़े सूत्र ने कहा, कहानी में माहौल बनाने पर जोर दिया गया है, जो इसे पारंपरिक हॉरर फिल्मों से अलग करता है। फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर लंदन में होगी और निर्माता वर्तमान में प्री-प्रोडक्शन के चरणों में लगे हुए हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि फिल्म के लिए कास्टिंग की तैयारी जोरों पर है। अजय और फिल्म निर्माता दमदार स्क्रीन प्रेजेंस को और निखारने के लिए कलाकारों की एक बेहतरीन टीम की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, सहायक कलाकारों को लेकर जानकारी अभी गुप्त रखी गई है। बिना शीर्षक वाली इस फिल्म की शूटिंग जुलाई, 2026 से शुरू होगी और यह आने वाले साल में सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म परियोजनाओं में से एक बनने जा रही है।


# धुरंधर 2: सतिंदर सरताज के साथ गाने पर जैस्मिन सैंडलस बोलीं- ये मेरे लिए सपने जैसा



रणवीर सिंह की हालिया रिलीज फिल्म धुरंधर 2 के चर्चे इस वक्त चारों दिशाओं में फैले हैं। फिल्म के साथ-साथ इसके गानों को भी दर्शकों की बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती दिखाई दे रही है। हाल ही में, पार्श्व गायिका जैस्मिन सैंडलस ने इसमें गाए गए अपने गाने जाइए सजना पर बात की जिसमें उनका साथ सतिंदर सरताज ने दिया है। गायिका ने बताया कि सरताज के साथ गाना उनके लिए सपने के सच होने जैसा रहा है।
जैस्मिन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है जो जाइए सजना गाने के लॉन्च इवेंट का है। उन्होंने गायक सरताज की तारीफ करते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और लिखा, एकमात्र सतिंदरसरताज के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैं



उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं और उनके संगीत की दीवानी हूं। मेरी मां बहुत खुश हैं और यही मेरी सबसे बड़ी जीत है।
सरताज, पंजाबी इंडस्ट्री के लोकप्रिय गायक, गीतकार, कवि और अभिनेता हैं। पंजाबी सूफी और लोकगीत में उन्होंने खास पहचान बनाई है। उनका अब तक का सुपरहिट ट्रैक साई है। इसके अलावा, उन्होंने उदारियां, मासूमियत और इक्को मिक्के जैसे चर्चित गाने भी गाए हैं। सरताज अभिनय की दुनिया में भी कदम रख चुके हैं। 2017 में आई हॉलीवुड फिल्म द ब्लैक प्रिंस से उन्होंने अपना डेब्यू किया था। फिलहाल वह धुरंधर 2 के जाइए सजना गाने से चर्चा में हैं।






# मल्लिका शेरावत की धमाकेदार वापसी, करण जौहर के शो द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2 में एंट्री



द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2 अब और भी ग्लैमरस होने वाला है। खबर है कि इस बार शो में बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी अपनी चालें चलती नजर आएंगी। जैसलमेर के रेतीले धोरों के बीच शुरू हुई इस शो की शूटिंग और मल्लिका की एंट्री ने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। मल्लिका पहले भी रियलिटी शोज में धमाल मचा चुकी हैं और अब एक बार फिर वो दर्शकों का दिल जीतने आ रही हैं। द ट्रेटर्स इंडिया 2 की शूटिंग जैसलमेर में शुरू हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शो से जुड़ गई हैं और शूटिंग का हिस्सा बन चुकी हैं। पिछले महीने से मीडिया में मल्लिका के शो में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। अब साफ हो गया है कि वो इस धोखे और सस्पेंस से भरे गेम का हिस्सा होंगी। पिछले दिनों खबर आई थी कि शो के होस्ट करण जौहर शूटिंग के लिए जैसलमेर पहुंच चुके हैं। लंबे समय से विदेश में रह रहीं मल्लिका एक बार फिर भारतीय स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार हैं। पिछली बार उन्हें साल 2024 में आई फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था। मल्लिका, जिन्होंने फिल्म मर्डर में अपने बोल्ड अवतार से रातों-रात शोहरत हासिल की थी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक बड़ा नाम हैं। वो मशहूर पॉप आइकन ब्रूनो मार्स के साथ म्यूजिक वीडियो वॉट अ मैन में भी नजर आ चुकी हैं। मल्लिका साल 2013 में अपने रियलिटी शो द बैचलरेट इंडियाः मेरे खयालों की मल्लिका में नजर आई थीं, जहां उन्होंने अपना जीवनसाथी तलाशने की कोशिश की थी। वो नच बलिये और बिग बॉस जैसे शोज में भी बतौर मेहमान अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं।

# मेरा गाना सुन रोने पर मजबूर हो गए थे लोगः ध्वनि भानुशाली




मुंबई (ईएमएस)। 22 मार्च 1998 को मुंबई में ही जन्मीं ध्वनि भानुशाली को नहीं पता था कि उन्हें लोगों का इतना प्यार मिलेगा। उन्होंने एक्टिंग का भी दो साल का प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपने पहले प्यार गायिकी को ही अपना साथी चुना। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2018 में फिल्म वेलकम टू न्यूयॉर्क के गाने इश्तेहार से की थी। इसके बाद उन्होंने कई हिट गाने गाए, जिन्होंने उन्हें पहचान बनाई। उनके गानों को यूट्यूब पर करोड़ों व्यूज मिलते हैं। आज के समय में वो यंगस्टर्स की सबसे फेवरेट सिंगर बन चुकी हैं। ध्वनि भानुशाली का वास्ते गाना याद होगा, जिसे आज से छह साल पहले रिलीज किया गया था। यह गाना सिंगर के दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इस गाने ने ही उनके करियर को नया मोड़ दिया। यह गाना इतना ज्यादा वायरल हुआ कि आज इसके व्यूज 1.7 बिलियन पहुंच चुके हैं। इस गाने को सुनकर यंग जनरेशन रोने लगी थी। अभिनेत्री ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि गाने को रिलीज के साथ ही बहुत प्यार मिला था और जब गाना बजता था तो लोग रोने लगते थे। मुझे खुशी होती थी कि लोग मेरे द्वारा गाए गानों से कनेक्शन फील कर पा रहे हैं। इसी गाने में ध्वनि ने एक्टर सिद्धार्थ गुप्ता के साथ काम किया था और वो रातो-रात मोस्ट हैंडसम मैन बनकर उभरे थे। ध्वनि भानुशाली ने बहुत छोटी उम्र से ही सिंगिंग शुरू कर दी थी और 20 साल की उम्र में सुपरहिट गाना लेजा-लेजा गाया था। इस गाने को शूट करते वक्त अभिनेत्री को अहसास नहीं था कि गाना इतना बड़ा हिट बनेगा। सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए सिंगर के लिए एक्टिंग के ऑफर्स भी आ रहे हैं, लेकिन वे सिंगिंग को अपना पहला प्यार मानती हैं और एक साथ दो नावों पर सवार नहीं होना चाहतीं। बता दें कि 70 से लेकर 80 के दशक के पुराने गाने आज भी लोगों के दिनों में जगह बनाए हुए है।

# सुनील ग्रोवर ने पोस्ट किया मजेदार वीडियो, पैंट पर कर रहे थे प्रेस



अभिनेता और कमीडियन सुनील ग्रोवर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे सड़क के किनारे एक छोटी दुकान पर पैंट पर प्रेस कर रहे हैं। वीडियो में वे बिल्कुल आम प्रेस वाले की तरह काम कर रहे हैं। पहले उन्होंने कपड़े पर थोड़ा पानी छिड़का, फिर पुरानी कोयले वाली प्रेस से सारी सिलवटें बिल्कुल साफ कर दीं। इसे देखकर लग रहा है कि जैसे वे रोजमर्रा की जिंदगी में इसे आराम से करते हों। वहीं, वीडियो के बैकग्राउंड में सुनील ने पुरानी फिल्म का गाना कौन है, तेरा मुसाफिर ऐड किया।
सुनील ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, हेलो दोस्तों! अच्छे कपड़े पहन लो। सुनील के पोस्ट शेयर करने के बाद इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेता करण वाही ने कमेंट सेक्शन पर लिखा, अरे बिल्कुल सुनील ग्रोवर लग रहे हो, तो गायिका हर्षदीप कौर ने लिखा, आप हमें खुश करने के लिए कोई मौका नहीं छोड़ते हो। म्यूजिशियन शामली ने लिखा, कहां लगी है दुकान? अभी आ रही हूं, अच्छे कपड़े लेकर।
अभिनेता सुरेश मेनन ने लिखा, आयरन मैन।सॉन्ग कौन है, तेरा मुसाफिर साल 1965 में रिलीज हुई फिल्म गाइड में फिल्माया गया था। गाने को सचिन देव बर्मन ने गाया और संगीतबद्ध किया था, जबकि शैलेंद्र ने इसके लिरिक्स लिखे थे। विजय आनंद द्वारा निर्देशित ब्लॉकबस्टर हिंदी क्लासिक फिल्म गाइड में देव आनंद (राजू) और वहीदा रहमान (रोजी) मुख्य भूमिका में थे। आर. के. नारायण के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित यह फिल्म एक टूरिस्ट गाइड के प्यार, धोखे और आध्यात्मिक परिवर्तन की कहानी है। बता दें कि अभिनेता और कमीडियन सुनील ग्रोवर हर बार अपने अभिनय से लोगों को हैरान कर देते हैं। अपने किरदार में इस तरह डूब जाते हैं कि बड़े-बड़े स्टार भी उन्हें देखकर चौंक जाते हैं। मुंबई (ईएमएस)।

# गर्मी से बचे रहने के लिए गद्दे को इन तरीकों से रखें ठंडा, आएगी अच्छी नींद





गर्मियों में गद्दे भी गर्म हो जाते हैं, जिस वजह से अच्छी नींद नहीं मिल पाती है। जब गद्दा गर्म होता है तो सोते समय पसीना आना और असुविधा होना आम बात है। यह परेशानी खासकर उत्तर भारत में देखने को मिलती है, जहां गर्मी की लहर काफी तेज होती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे असरदार तरीके बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने गद्दे को ठंडा रख सकते हैं और गर्मियों में आरामदायक नींद ले सकते हैं।

**ठंडा करने वाले पैड का करें इस्तेमाल**

ठंडा करने वाले पैड गद्दे को ठंडा रखने का बेहतरीन तरीका है। ये पैड खासतौर पर गर्मियों के लिए बने होते हैं और इनमें ऐसी तकनीक होती है, जो शरीर की गर्मी को सोखती है। इन्हें अपने गद्दे पर बिछाकर आप आसानी से आरामदायक नींद ले सकते हैं। इन्हें साफ करना भी आसान होता है और ये लंबे समय तक टिके रहते हैं। ठंडा करने वाले पैड का उपयोग करके आप गर्मियों में भी सुकून की नींद ले सकते हैं।

**सूती चादर का करें उपयोग**

गर्मियों में सूती चादर का उपयोग करना बहुत फायदेमंद होता है। सूती कपड़ा त्वचा को सांस लेने देता है और पसीना सोख लेता है, जिससे आप ठंडा महसूस करते हैं। हमेशा अपने गद्दे पर सूती चादर बिछाएं, ताकि सोते समय आपकी त्वचा को हवा मिलती रहे और आप पसीने से बच सकें। सूती चादर न केवल आरामदायक होती है, बल्कि इन्हें धोना भी आसान होता है और ये लंबे समय तक नई जैसी रहती हैं।

**एसी लगवाएं**

अगर आपके पास ठंडी हवा देने वाला यंत्र यानि एसी है तो उसका सही तरीके से इस्तेमाल करें। दिन में जब धूप तेज होती है तो पर्दे बंद रखें, ताकि कमरे में गर्मी न आए। रात को सोते समय एसी चालू रखें और कमरे की हवा को ताजा रखने के लिए खिड़की खोलें। इसके अलावा नियमित रूप से अपने यंत्र की सफाई करें, ताकि वे सही तरीके से काम करें और ज्यादा बिजली न खपत करें।

**गद्दे को धूप में रखें**

गद्दे को धूप में रखना एक पुराना, लेकिन असरदार तरीका है। हफ्ते में कम से कम एक बार अपने गद्दे को धूप दिखाएं, ताकि उसमें से नमी और बैक्टीरिया दूर हो सकें। धूप में रखने से गद्दा ताजगी महसूस कराता है और उसकी बदबू भी दूर हो जाती है। इसके अलावा धूप में रखने से गद्दे की उम्र भी बढ़ती है और वह लंबे समय तक अच्छा बना रहता है। यह तरीका बहुत ही सरल और प्रभावी है।

**गद्दे को पलटते रहें**

गद्दे को समय-समय पर पलटते रहना जरूरी होता है, ताकि उसका आकार सही बना रहे और वह आरामदायक बना रहे। अगर एक ही तरफ सोते रहेंगे तो उस तरफ का हिस्सा दब जाएगा और बाकी हिस्सा नया रहेगा। इसलिए, हर महीने कम से कम एक बार गद्दे को पलटना चाहिए। इन तरीकों को अपनाकर आप अपने गद्दे को गर्मियों में ठंडा रख सकते हैं और आरामदायक नींद ले सकते हैं।

# धुरंधर 2 में हरेक एक्टर ने अपना दिल और जान लगा दिया : शिल्पा शेटटी

हाल ही में रीलिज हुई बॉलीवुड फिल्म धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचा रही है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म की फिल्म जगत के सितारे भी फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। धुरंधर 2 देखने के बाद शिल्पा शेटटी ने सोशल मीडिया पर खास पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने फिल्म की तारीफ की और सभी को इसे देखने की सलाह दी है। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि फिल्म में हर एक्टर ने अपना दिल और जान लगा दी है और हर फ्रेम में यह साफ दिखता है। शिल्पा ने रणवीर सिंह को पावरहाउस और बब्बर शेर बताया। उन्होंने कहा कि रणवीर ने हमजा के किरदार में अपनी पूरी आत्मा डाल दी है। संगीतकार एआर रहमान की



तारीफ करते हुए शिल्पा ने उन्हें क्लास एक्ट कहा और उनकी समझदारी को सीखने लायक बताया। शिल्पा ने अर्जुन रामपाल को खतरनाक और मैग्नेटिक करार देते हुए कहा कि यह उनके अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक है। संजय दत्त को हर फ्रेम में रॉकस्टार जैसा बताया और कहा कि वे पूरी तरह छाए हुए हैं। शिल्पा ने राकेश बेदी की तारीफ में लिखा कि उनकी मौजूदगी असली कला का सबूत है और उनकी यात्रा क्रिएटिव जस्टिस जैसी लगती है। उन्होंने पूरी कास्ट की प्रशंसा की और कहा कि हर किरदार इतनी खूबसूरती से उकेरा गया है कि हर कोई इसे अपना बना लेता है। शिल्पा ने निर्देशक आदित्य धर को इस समय का हीरो कहा। उन्होंने उनकी कहानी कहने की ईमानदारी।

## TB remains India's biggest infectious killer, but mass screening push shows results



**NEW DELHI,Agency:** India may be making progress against tuberculosis, but the scale of the challenge remains stark-accounting for nearly a quarter of the world's TB cases even as millions of infections continue to go undetected.
Tuberculosis continues to be India's biggest infectious disease challenge, according to the Tuberculosis Fact Sheet 2026 released by the Centre. India contributes about 25% of the global TB burden, with five countries together accounting for over half of all cases worldwide.At the World TB Day 2026 national launch event in Greater Noida, Union health minister J P Nadda said India is on track to eliminate TB ahead of global targets, driven by a "jan bhagidari" approach under PM Narendra Modi's leadership. He cited a 21% decline in TB incidence and a 25% reduction in deaths between 2015 and 2024, with treatment coverage now at 92%.Recent data supports this trend. Treatment success rates have improved to around 90%, while over 26 lakh cases were notified in 2024, the highest ever, reflecting stronger detection efforts.A major push has come from the TB Mukt Bharat Abhiyan, which has focused on identifying hidden and high-risk cases. More than 20 crore people have been screened, leading to the detection of over 32 lakh TB patients, including a large number of asymptomatic cases.
Nadda said intensified case-finding has reduced undetected cases from over 10 lakh to under one lakh.He also announced a 100-day intensified campaign covering 1.58 lakh villages and urban wards, along with the launch of an AI-enabled TB Mukt Bharat app to improve access to care and treatment tracking.The factsheet highlights that TB remains closely linked to poverty, malnutrition and living conditions, with economically vulnerable populations at higher risk. People with diabetes, HIV, smokers, alcohol users and those living in crowded settings are particularly susceptible. At the same time, drug-resistant TB remains a concern, with over 55,000 cases reported in 2024, requiring longer and more complex treatment.Despite progress, gaps remain. Nearly 64% of people with TB symptoms do not seek care due to stigma, lack of awareness or affordability issues, leading to delayed diagnosis and continued transmission.

## Chinook deploys Army's heavy-duty assault bridge along western sector



**NEW DELHI,Agency:** Showcasing synergy among different wings of the armed forces, the Army's combat engineering arm in collaboration with the Air Force has deployed a pontoon assault bridge using the Chinook heavy-lift helicopter during a joint exercise along the western sector.The Army's Western Command on X said Kharga Sappers and IAF "successfully validated rapid air movement and deployment of an assault bridge during a joint exercise, showcasing joint planning, seamless coordination, enhanced battlefield mobility, and operational synergy, reinforcing joint war-fighting capability".
This joint exercise demonstrates improved operational cohesiveness and "jointness" between IAF and Army. The deployment enhances capability to swiftly cross rivers and canals in the terrain where the Western Command operates. The bridge operation enhances the Army's capability to cross water bodies using heavy-duty bridges crucial for offensive operations.The Chinook helicopter was used for deployment, showcasing its versatility in military operations. US-acquired Chinook is capable of transporting up to 11 tonnes of cargo or 45 troops, specialising in high-altitude operations in the Himalayas. Its primary lifting capabilities include ferrying heavy artillery (like M777 ultra-light howitzers) and underslung loads of up to 10 tonnes.The pontoon assault bridge, which consists of various segments, is a crucial piece of equipment for rapid and heavy-duty river crossing operations.

# Middle East crisis: PM Modi sets up 7 empowered groups to assess impact of war



**NEW DELHI ,Agency:** PM Narendra Modi on Tuesday announced the formation of seven empowered groups to assess the implications of the ongoing military conflict in West Asia on energy supplies, essential commodities and supply chains, and chart a strategy to cushion its impact on the Indian economy.
In a statement in Rajya Sabha, Modi said the conflict had rattled economies across the world and cautioned that recovery from the damage inflicted in West Asia would take time. Drawing from govt's playbook during the Covid-19 pandemic, he said the new groups would function as quick-response teams focusing on key areas such as petrol and diesel, fertilisers, gas, supply chains and inflation.
"I am fully confident that through these shared and coordinated efforts, we'll be able to navigate these circumstances more effectively," the PM said, noting that an inter-ministerial group was already meeting regularly to track developments and address emerging challenges arising out of the situation.The seven panels, comprising senior officers from various ministries and departments, have been tasked with identifying risks and preparing short-, medium- and long-term strategies in a time-bound manner.Their mandate includes assessing vulnerabilities in energy supplies and pricing, ensuring adequacy of strategic reserves, and taking steps to manage price volatility and prevent supply disruptions. They will also examine potential bottlenecks - from shipping routes and ports to aviation corridors and critical imports and recommend pre-emptive measures.The groups are expected to explore alternative sources of imports to reduce dependence on any single region, while keeping a close watch on domestic availability and price stability of essential commodities, including food, fertilisers and fuels.

## 1 in 4 Indians overweight, but obesity still seen as 'lifestyle': Experts warn of growing crisis



**NEW DELHI,Agency:** India is facing a growing obesity burden, with one in four Indians overweight, yet the condition continues to be misunderstood as a lifestyle issue rather than a disease, experts said at a recent panel discussion following World Obesity Day, led by ICMR and AIIMS.
Experts said that despite rising awareness, most people do not seek treatment, and even those who attempt weight loss struggle to sustain it. "We lack effective long-term interventions, and behaviour change remains difficult," said Dr Rajiv Bahl, Secretary, Department of Health Research and Director General, ICMR, pointing to wider societal and environmental barriers.
He noted that unhealthy foods are often cheaper and more accessible, while healthier options remain harder to adopt.The panel brought together Dr Bahl; Dr Anoop Misra, Director, National Diabetes, Obesity and Cholesterol Foundation; Dr Naval Vikram, Professor, Department of Medicine, AIIMS; and Dr Vandana Jain, Professor, Pediatric Endocrinology, AIIMS.
Dr Kamini Walia, Scientist and Head, Descriptive Research Division, ICMR, said obesity should be understood as a multifactorial disease driven by genetic, metabolic, environmental and social factors, and not reduced to individual blame.
Clinicians said the problem is rooted in everyday life. Dr Naval Vikram said obesity is a chronic disease requiring long-term management, influenced by diet, physical activity, psychological and environmental factors.The panel underlined that obesity often begins early. Dr Vandana Jain said childhood habits, family food choices and activity patterns play a key role, stressing the need for healthier home environments.
Dr Anoop Misra pointed out that Indians develop metabolic complications at lower body weight levels, making early identification critical. He added that newer anti-obesity drugs are not a population-level solution and must be used selectively along with lifestyle changes.
Experts also flagged gaps in policy and implementation, saying improving access to healthy food and creating spaces for physical activity remain key challenges.
They also highlighted emerging research areas, including gut microbiome, early-life nutrition and maternal health, which may shape obesity risk from early stages of life.

## Search for motorsport champ Hari Singh enters 6th day after Maldives speedboat mishap



**Maldives,Agency:** The search for India's famous rally driver, Hari Singh, continued for the sixth day in and around Felidhoo island in the Vaavu Atoll of the Maldives on Wednesday. Hari was involved in a tragic life threatening speedboat capsize incident near the Felidhoo island on the night of March 19.Maldivian authorities have extended the search radius in an effort to spot the 59-year-old motorsport figure.Three people were rescued following the incident, while Hari and decorated sailor and former naval officer Commander Mahesh Ramachandran went untraceable. Among the rescued was Indian business tycoon Gautam Singhania, who reportedly flew back to Mumbai soon after the accident.
"We have been recently told that the rescue operation started within 20 minutes of the accident. The three rescued had reportedly drifted around 300 metres from the site before being located. Now imagine, the distance an injured would cover in the sea after five days," said SPS Gharcha, with whom Hari has been associated for long, and president of the Chandigarh Motorsport Association.
He added that there has been 'no luck, so far," while the family has largely stayed away from the media. Hari's son, who had travelled to the Maldives to support with the search, is expected to return to Chandigarh on Wednesday to be with the family.

## Kashmiri separatist Andrabi gets life term, 2 aides 30 yrs




**NEW DELHI,Agency:** A Delhi court Tuesday sentenced Kashmiri separatist and Dukhtaran-e-Millat chief Asiya Andrabi to life imprisonment for conspiring to commit a crime against the State.
Additional sessions judge Chander Jit Singh also sentenced two of Andrabi's associates, Sofi Fehmeeda and Nahida Nasreen, to 30 years' imprisonment in the case. The court awarded life sentences to Andrabi under Section 18 (punishment for conspiracy) of the UAPA and under Sections 120B (criminal conspiracy) and 121 A of the erstwhile IPC. Section 18 of UAPA says,
The court said the sentences will run concurrently. The three had been sentenced on Jan 14, following which the NIA had sought life imprisonment for Andrabi, saying she had waged war against India, and a stern message was required to be sent that conspiring against the State would invite the harshest penalty. In its 286-page order, the court said Andrabi and her associates hatched a conspiracy for the secession of Kashmir from India.
Rejecting the defence's submissions, the court held "treating the convicts with leniency will amount to infusing a fresh lease of life and vigour in the spirit of convicts which aims at secession of an integral part of India."

## Study lessons from West Asia conflict to improve India's def preparedness



**Rajnath,Agency:** NEW DELHI: Defence minister Rajnath Singh on Tuesday chaired a review meeting with senior defence officials to take stock of the situation due to the West Asia crisis and said there was need to learn lessons from the conflict to improve the country's defence preparedness.
Rajnath was briefed on the global and regional security scenario, the impact of a possible escalation of the ongoing conflict on India as well as the challenges and opportunities presented by the current geopolitical situation.
The minister directed that operational and technological takeaways from the ongoing conflict be studied continuously in order to improve India's defences. "We need to formalise a comprehensive integrated roadmap for the next decade factoring in the lessons learnt, challenges and opportunities going forward while ensuring Aatmanirbharta and operational readiness across all fronts," he said.
Chief of Defence Staff General Anil Chauhan, IAF chief Air Chief Marshal Amar Preet Singh, Army chief General Upendra Dwivedi, Navy chief Admiral Dinesh K Tripathi, Defence Research and Development Organisation (DRDO) chairman Samir Kamat and defence secretary Rajesh Kumar Singh were present at the meeting.The impact of the crisis on supply chain management for procurement and production of defence equipment, including maintenance and serviceability of existing equipment, was also examined at the review meeting.Rajnath held the security review meeting just two days after Cabinet Committee on Security (CCS) discussed the situation arising out of the conflict in West Asia and carried out a detailed assessment of the availability of critical goods for the common people, including food, energy and fuel security.

# GLP-1 gold rush under scanner: Raids across India expose easy access to weight-loss drugs



**NEW DELHI,Agency:** The booming demand for weight-loss drugs has now caught the attention of India's drug regulator, with a series of raids across the country revealing just how easily these prescription medicines are finding their way to consumers.
In recent weeks, inspections at 49 locations-ranging from online pharmacy warehouses and wholesalers to retail chemists and wellness clinics-have uncovered gaps in how GLP-1 drugs are being sold and promoted. For many, what should be a tightly regulated treatment is fast turning into an on-demand product.
Originally developed for diabetes and certain heart conditions, GLP-1 drugs have surged in popularity as weight-loss solutions, fuelled by social media buzz and rising demand for quick results. Their growing presence in the Indian market, especially with the entry of generic versions, has only made them more accessible. But that accessibility is now raising serious concerns.
Officials say the Drugs Controller General of India, along with state regulators, has stepped in to curb misuse and plug loopholes in the supply chain. The focus is on stopping sales without prescriptions, checking questionable dispensing practices and cracking down on misleading promotions.
What has particularly alarmed authorities is the widening network through which these drugs are being accessed-not just pharmacies, but also online platforms and slimming clinics, often without adequate medical oversight.
Earlier this month, the regulator issued a clear warning to manufacturers, banning surrogate advertising and indirect promotions that could encourage off-label use or mislead consumers.
Doctors caution that these are not lifestyle products. Taken without proper supervision, GLP-1 drugs can lead to serious side effects, making self-medication risky.
Regulators have reiterated that the drugs are approved in India only under strict conditions and must be prescribed by specialists such as endocrinologists or internal medicine experts, and in some cases cardiologists.
With demand continuing to grow, officials say enforcement will only get stricter. Licences could be cancelled, penalties imposed and legal action initiated against violators.